परिमल संस्कृत सीरिज नं. 90

मेदपाटेश्वरमहाराणारायमल्लाश्रितसूत्रधारश्रीगोविन्दविरचितम्

# कलानिधि

## ( देवालयार्थ शिखर व ध्वजादण्डादि प्रतिष्ठा विधि )

(मूलपाठ, समीक्षात्मक टिप्पणियाँ तथा विस्तृत भूमिका)

M.Katyayana

सम्पादक
**डॉ. श्रीकृष्ण 'जुगनू'**

**परिमल पब्लिकेशन्स**
दिल्ली (भारत)

प्रकाशक :
परिमल पब्लिकेशन्स
२७/२८ शक्ति नगर
दिल्ली - ११०००७
फोन : २३८४५४५६, ६५४४१५१६

726.145
GOV
वास्तु-मंदिर-हिन्दू

© लेखक

प्रथमसंस्करणम्, २००७

ISBN : 81-7110-296-4

मूल्य - २५०.००

मुद्रकः
तरुण ऑफसैट प्रैस
मेन यमुना विहार, मुख्य मार्ग,
मौजपुर, दिल्ली ११००९२

Parimal Sanskrit Series No. 90

*Sūtradhāra Govind's*

# KALĀNIDHI

**(A Treatise about the Temple's Śikharavidhi)**

{With text, critically notes and Elaborate Introduction}

Edited By :

*Dr. Shri Krishna "Jugnu"*

PARIMAL PUBLICATIONS

DELHI

*Published by :*
**Parimal Publications**
Office : 27/28, Shakti Nagar
Showroom : 22/3, Shakti Nagar
Delhi-110007
Ph. : 011-23845456, 65441516
e-mail : parimal@ndf.vsnl.net.in
url : http://www.parimalpublication.com

© Author

First Edition : 2007

ISBN : 81-7110-296-4

**Price : Rs. 250.00**

श्री ला.ब.शा.रा.सं. विश्वविद्यालय
पुस्तकालय
पंजी. सं. ...U. 99360...
दिनांक.......16.3.22
हस्ताक्षर..........

*Printed at :*
**Himanshu Printers**
Main Yamuna Vihar Road
Maujpur, Delhi

# निवेदन

भारतीय शिल्प और स्थापत्य के क्षेत्र में मेवाड़ राज्य के सूत्रधारों का योगदान अप्रतिम माना जाता है। मेवाड़ाधिपति महाराणा कुम्भा या कुम्भकर्ण (1434–67 ई.) के आश्रय में सूत्रधार मण्डन ने यदि वास्तु विज्ञान पर सर्वाधिक ग्रन्थों की रचना की तो कुम्भा के उत्तराधिकारी महाराणा रायमल (1472–1509 ई.) के शासनकाल में मण्डन के ही अनुज सूत्रधार नाथा और मण्डन के कनिष्ठ पुत्र सूत्रधार गोविन्द ने प्रासाद स्थापत्य पर पूर्वसूरियों के आधार पर समकालीन आवश्यकताओं के अनुसार प्रासाद स्थापत्य के सन्दर्भ में ग्रन्थों का प्रणयन किया।

सूत्रधार मण्डन विरचित 'देवतामूर्तिप्रकरणम्' अपरनाम 'रूपावतार', 'राजवल्लभ वास्तुशास्त्रम्', 'वास्तुसारमण्डनम्', 'आयतत्त्वम्', 'वास्तुमण्डनम्', 'प्रासादमण्डनम्' के बाद सूत्रधार नाथा कृत 'वास्तुमञ्जरी' के सम्पादन के उपरान्त सूत्रधार गोविन्द कृत 'कलानिधि' पर कार्य करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। सूत्रधार खेता ने यदि मेवाड़ में स्थापत्य रचनाओं के विकास में योगदान किया तो मण्डन ने यथा राजाज्ञा अथवा तत्कालीन आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखकर लगभग सात ग्रन्थों का प्रणयन किया। उसके रचनाकर्म को नाथा व गोविन्द ने आगे बढ़ाया। सूत्रधार गोविन्द कृत वास्तु विषयक तीन ग्रन्थों में से कलानिधि देवालयों के शिखर विधान पर केन्द्रित है। देश में देवालयों की शिखर रचना, शिखर के अङ्ग–उपाङ्गों के सम्बन्ध में कदाचित यह एक मात्र स्वतन्त्र ग्रन्थ कहा जा सकता है। पहली बार यह प्रकाशित हो रहा है।

गोविन्द ने इसे मुख्य रूप से अपराजितपृच्छा, समराङ्गणसूत्रधार, प्रासादमण्डन, जयपृच्छा, क्षीरार्णव, विवेककल्पलता जैसे ग्रन्थों के आधार पर तैयार किया था। भारतीय स्थापत्य में नागर, वेसर, द्राविड़ जैसे प्रासादों के शिखर विधान के सम्बन्ध में मध्यकाल तक जो तकनीकी प्रचलन में थी, उसे इस ग्रन्थ में कई विशेषताओं के साथ गूँथा गया है। आकार में यह लघुकाय है किन्तु इसके विषय की विराटता को इसकी भूमिका में समझा जा सकता है। शिखर में कला–रेखादि ज्ञान निश्चय ही कठिन है और गोविन्द ने इसे परिभाषित करने का उपक्रम किया है।

मैंने अपनी अल्पबुद्धि के अनुसार इसे विशेषित करने का यथावत् प्रयास किया है। तीन मातृकाओं के आधार जब मैं इसका पाठ तैयार करने में जुटा तो इसके अर्थ की समस्या आई। मैं पाठ के साथ ही साथ अर्थ के लिए भी प्रयास करता जाता, इसी बीच यह होता रहा कि अन्य ग्रन्थों के आलोक में गोविन्द के प्रतिपाद्य की तुलना भी होती रही। परिणाम यह रहा कि अर्थ से कहीं अधिक भूमिका तैयार हो गई। वैसे इसके श्लोकों का साथ-साथ अर्थ देने से पूर्व में ही सारिणियाँ बनाकर समझाना अधिक सुगम लगा, ऐसे में पाठ से पूर्व सारिणियों के साथ अर्थ समझना होगा। इसमें शिखर-संयोजन के लिए करणीय रेखाओं का नामानुसार अद्भुत वर्णन और प्रयोग है। 'वास्तुसूत्रोपनिषद' में कहा गया है कि वास्तु में रेखानुपात एवं तद्नुसार अङ्गों का निधापनादि श्रेष्ठकृत्य है— *रेखानुपातेनाङ्गानि निधेयानीति श्रेष्ठकृत्यम्।* (तृतीयप्रपाठक 12) फिर, रेखा के क्रम से चार भेद कहे गए हैं— एकाश्रयी, युगलाश्रयी, खण्डाश्रयी एवं स्पर्शाश्रयी— *रेखाक्रमेण भेदनं चतुर्धा ज्ञेयम्।* (वही 19) देववास्तु शिल्पियों और इस विषय के जिज्ञासुजनों को यह निश्चय ही पसन्द आएगी, ऐसा मेरा मानना है।

कलानिधि के पाठ सम्पादन व भूमिकादि के लिए मैंने प्रो. पी. ए. मनकड कृत अपराजितपृच्छा की भूमिका, डॉ. द्विजेन्द्रनाथ शुक्ला, डॉ. प्रसन्नकुमार आचार्य, पद्मश्री प्रभाशङ्कर ओघडभाई सोमपुरा, डॉ. त. गणपति शास्त्री, डॉ. प्रियबाला शाह प्रभृति विद्वत्माओं के ग्रन्थों से पर्याप्त सहयोग लिया है। उक्त विद्वज्जनात्माओं के प्रति नमन् और प्रकाशकों के प्रति आभार। कलानिधि के पाठ के लिए मैं बड़ौदा ऑरियण्टल इंस्टीट्यूट, बडोदरा के निदेशक सहित अन्य कर्मचारियों के प्रति अनेकश धन्यवाद जिन्होंने इसकी तीन मातृकाएँ (संख्या 8276 पृष्ठ 9, 11001 पृष्ठ 11 तथा 11069 पृष्ठ 23) उपलब्ध करवाईं। संयोग से तीनों ही मातृकाएँ अपूर्ण निकलीं। तीसरी मातृका में कलानिधि के पाठ के साथ ही मण्डन विरचित 'रूपावतार' का पाठ सर्वाधिक था और अन्य दो मातृकाओं में क्रमशः कलानिधि का पाठ था। इसलिए पाठ की पूर्णता का सङ्कट खड़ा हो गया।

इसी बीच, मुझे प्रसिद्ध पुरातत्त्ववेत्ता श्रीरतनचन्द्र अग्रवाल, जयपुर का सम्मेलन पत्रिका के कला अङ्क में प्रकाशित लेख पढ़ने का अवसर मिला। इसमें उदयपुर के स्व. पं. नाथूलाल भगीरथ व्यास द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर कलानिधि के सभी अध्यायों का नामोल्लेख था। मैंने श्री अग्रवाल से इस सम्बन्ध में पत्राचार किया तो ज्ञात हुआ कि उनके पास कोई प्रतिलिपि नहीं है।

उनके इस सुझाव ने मेरा पृष्ठपोषण किया कि शिल्पग्रन्थों के पाठ नष्ट-भ्रष्ट, खण्डित मिलते हैं इसलिए जो मिल गया है, उसे तो एक बार सम्पादित कर प्रकाशित करवा ही लें। हो सकता है, कहीं से अन्य पाठ मिल जाए। मैंने शेष पाठ के लिए देश के अन्य कई पाण्डुलिपि संग्राहकों, ग्रन्थ भण्डारों से लगभग दो वर्षों तक पत्राचार व दूरभाष सम्पर्क भी किया किन्तु निराशा ही हाथ लगी। तथापि, श्री अग्रवाल के उक्त लेख के आधार पर गोविन्द के मुख्य उपस्कारक ग्रन्थ अपराजितपृच्छा व अन्य ग्रन्थों के आधार पर शेष अध्यायों को पूर्ण किया गया। परिशिष्ट में भट्ट लक्ष्मीधर विरचित 'कृत्यकल्पतरु' से ध्वजारोहण विधि को भी स्थान दिया गया है। वास्तुपूजा के निमित्त वशिष्ठसंहितोक्त विधि दी गई है।

कलानिधि का यदि सम्पूर्ण पाठ कहीं से मिल सके तो भविष्य में उसका उपयोग किया जा सकेगा किन्तु मुझे विश्वास है कि सम्भावित पाठ प्रस्तुत पाठ से मिलता-जुलता नहीं तो अधिक भिन्न भी नहीं होगा। अस्तु,

इस ग्रन्थ का पाठ तैयार करने में सहधर्मिणी पुष्पा व अनुज अरविन्द चौहान, पुत्री अनुभूति चौहान और अनुकृति ने पर्याप्त श्रम किया है। अनुभूति ने भूमिका के लिए ग्रन्थों के उद्धरण खोज निकालने में अपनी पर्याप्त ऊर्जा लगा दी। मेरे पूरे परिवार की यह कल्पना है कि हमारे आवास नगर चित्तौड़गढ़ में प्रणीत वास्तु ग्रन्थों के विषय-वैभव को निखिल विश्व पहचाने। कुछ यही कल्पना परिमल पब्लिकेशंस, दिल्ली के सञ्चालक, संस्कृतसेवी आदरणीय श्रीकन्हैयालालजी जोशी भी लिए हैं। इस ग्रन्थ का प्रकाशन उनके इसी ध्येय का सूचक है, उनके प्रति आभार। भविष्य में गोविन्द विरचित 'द्वारदीपिका' एवं 'उद्धारधोरिणी' भी आपके कर-कमलों में अर्पित करूँगा। गोविन्द के जीवन को लगभग 450 वर्ष पूरे हो चुके हैं, इस अवधि में यह ग्रन्थ प्रकाशन से दूर ही रहा है, कुछ शिल्पियों के पास अवश्यक इसकी विधियाँ रहीं। पहली बार कलानिधि का प्रकाशन हो रहा है। प्रस्तुत संस्करण कैसा बन पड़ा, इस हेतु विद्वानों, आलोचकों की प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा रहेगी— *गच्छत: स्खलनं क्वापि भवेत्येव प्रमादत:। हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जना:॥*

विदुषां वशंवद:

**श्रीकृष्ण 'जुगनू'**

43, राजश्री कॉलोनी,
विनायकनगर, उदयपुर।
अक्षय तृतीया, 2004ई.

# अध्यायानुक्रमणिका


| अध्यायसंज्ञा | पृष्ठाः |
|---|---|
| 1. प्रासादस्योर्ध्वमाननिर्णयो प्रथमप्रकाशः | ८१ |
| 2. रेखार्णवनिर्णयं द्वितीयप्रकाशः | ८६ |
| 3. अष्टादशखण्डारेखार्णवनिर्णयो तृतीयप्रकाशः | ९२ |
| 4. रेखाभेदस्कन्धोदयकलाभेदश्चतुर्थप्रकाशः | ९९ |
| 5. रेखाकुण्डल्यानामः पञ्चमप्रकाशः | १०२ |
| 6. गुणदोषरेखाविभक्तिकोशप्रकारनामषष्ठःप्रकाशः | १०७ |
| 7. प्रासादपुरुषनिवेशनामसप्तमप्रकाशः | ११७ |
| 8. प्रासादघण्टामलसारिकानिर्णयोनामष्टम प्रकाशः | ११९ |
| 9. कलशप्रमाणलक्षणञ्च नवमप्रकाशः | १२३ |
| 10. प्रासाददण्डध्वजप्रमाणनामदशम प्रकाशः | १२७ |
| 11. ध्वजारोहणप्रासादमाहात्म्यनामेकादश प्रकाशः | १३१ |
| **परिशिष्टम्-** | |
| ध्वजारोहणविधिः | १३५ |
| वास्तु | १४७ |
| उपस्कारक ग्रन्थ | १५३ |
| चित्रावली | १५९ |



बड़ौदा स्थित ऑरियंटल इंस्टीट्यूट में विद्यमान 'कलानिधि' की मातृका [क्रमाङ्क 11001] का प्रथम पृष्ठ।



वड़ौदा स्थित ऑरियंटल इंस्टीट्यूट में विद्यमान 'कलानिधि' की मातृका [क्रमाङ्क 11001] का अंतिम खंडित पत्र।


के सप्तभागं आमलसारकः ॥ अष्टविंशतिभक्ते तु उदयः स्यात्तदर्धतः ॥ ग्रीवा भाग
त्रयं कार्यं अंडकं च पंचभागिकं ॥ त्रिभागा चंद्रिका कार्या मलसारी तथैव च ॥ निर्गमे सार्धषड्भा
गं कुर्यादामलसारिकां ॥ चंद्रिका चंद्रिसार्धं [illegible] अंडकं पंचभागिकं ॥ इति श्रीकलानिधौ प्रा
साद घंटामलसारिका निर्णय प्रकाशः ॥ ८ ---------- अथ कलशलक्षणं ॥ अथा
तः संप्रवक्ष्यामि कलशोत्पत्तिलक्षणं ॥ भद्रं च सर्वकुंभानां कलशानां स्थापयेद्बुधैः ॥ क्षीरा ग्रंथो
र्णवे पुरा प्रोक्तो मथ्यमाने सुरासुरैः ॥ उत्पन्नः सुमहातेजाः कलशः कामरूपवान् ॥
प्रतिष्ठादिषु सर्वेषु तथा पुष्पमहोत्सवे ॥ श्रीराधावंदे गोपालकृष्णाय नमः श्रीरामप्रसन्न ॥

बड़ौदा स्थित ऑरियंटल इंस्टीट्यूट में विद्यमान [मातृका - 8276] 'कलानिधि' का अंतिम पत्रांश।

# देवस्थापत्य ग्रन्थों की परम्परा व गोविन्दसूत्रधार

भारतीय परम्परा में मन्दिर निर्माण की परम्परा आस्था की अभिव्यक्ति का एक सशक्त पहलू है। मन्दिर को देवालय, देवस्थान, देवायतन, देवनिकेतन, देवसद्म, प्रासाद आदि भी कहा जाता है। पौराणिक परम्पराओं ने विश्वकर्मा को इस विद्या का प्रवर्तक कहा है। विश्वकर्मा ने ब्रह्मा से इस शिल्प की शिक्षा ली व लोकास्थाओं की स्थिरता के महत् अर्थ में देवालयों का निर्माण किया। वामनपुराण में विश्वकर्मा द्वारा शिव के लिए मन्दार पर आयतन बनाने का वर्णन है जबकि हरिवंश में श्रीकृष्ण के लिए द्वारिका के निर्माण की विस्तृत कथा दी गई है। ब्रह्मवैवर्तपुराण, वायु, अग्नि, पद्म, गरुडादि पुराणों में भी विश्वकर्मा को इस अर्थ में महत्वपूर्ण सृष्टा के रूप में स्वीकारा गया है जबकि द्राविड़ शिल्प ग्रन्थों में मय को यह सम्मान दिया गया है। विश्वकर्मा को आदि नियामक स्वीकारते हुए नाना ग्रन्थों में उसे देव शिल्पी कहा गया है तथा प्रत्येक शिल्पी को उसी का स्वरूप जानने का निर्देश दिया गया है।

विश्वकर्मा के मतों का उल्लेख बृहत्संहिता (580 ई.) में भी मिलता है। विश्वकर्मा ने अपने वास्तु व गणितादि अन्यान्य कला विषयक ज्ञान का संसारपाश छेदन के उद्देश्य से अपने मानसपुत्रों के प्रति कथन किया- मनुसाध्यसमुद्भूतं संसारपाशछेदनम्। विश्वकर्मा के चार मानस पुत्रों के नाम हैं— जय, विजय, सिद्धार्थ तथा अपराजित-

तस्मै तदासनं दत्त्वा स्थितावासनयोरुभौ।

चत्वारो मानसाः पुत्रा विश्वकृतपार्श्वतः स्थिताः॥

एकैक च यथाशक्ति स्वयं वै सृष्टिकारकाः।

जयो विजय आख्याताः सिद्धार्थश्चापराजितः॥ *(अपराजितपृच्छा 32, 14-15)*

सम्पूर्ण पश्चिमोत्तर भारतवर्ष में विश्वकर्मा के मतों का प्रसार और पल्लवन मिलता है। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हिमाचलप्रदेश, सिन्ध तक विश्वकर्मीय शास्त्रानुसार देवालयों एवं मनुष्यालयों का निर्माण होता आया है। राजस्थान के मेवाड़ प्रदेश में महाराणा लाखा, मोकल, कुम्भा व रायमल के काल में विश्वकर्मीय निर्देशों पर विशेष कार्य हुआ। सूत्रधार जल्ह, लीला, खेता, जयता आदि के परिवारों ने इस दिशा

में महत्वपूर्ण योगदान किया।

ज्ञात इतिहास के अनुसार पाटन से क्षेत्रार्क या खेता का मेवाड़ आगमन माना भी जाए तो मण्डन और उसके समकालीन सूत्रधार जैता या जयता के पुत्रों में बलराम, चौथ, पउमी आदि ने कुम्भा के काल में ही अपने शिल्प सृजन का चमत्कार दिखाया तथा कीर्तिस्तम्भ जैसी रचना दी तो मण्डन के पुत्रों ने भी कुम्भा के उत्तराधिकारी उदयकर्ण तथा रायमल के काल में अपनी सेवाएं दीं। कुम्भा स्वयं स्थापत्यशास्त्र था। जय और अपराजित के मतानुसार उसने स्थापत्यशास्त्र को लिखा व शिलोत्कीर्ण करवाकर चित्तौड़गढ़ के कीर्तिस्तम्भ के निकट स्थापित करवाया था। इसका एक श्लोक इस तथ्य की पुष्टि करता है-

श्रीविश्वकर्माख्यमहार्यवीर्यमाचार्यमुत्पत्तिविधावुपास्य।

स्तम्भस्य लक्ष्मातनुते नृपालः श्रीकुम्भकर्णो जयभाषितेन ॥ 2 ॥

[Sarada HV : Maharana Kumbha Page 168]

इस प्रकार मेवाड़ में इस काल में प्रमुख स्थपितों में दो परिवार संलग्न थे-

**1. सूत्रधार जयता का परिवार**- इस परिवार का पितृपुरुष सूत्रधार लाषा या लक्ष था। चित्तौड़ से विक्रम संवत् 1495, 1499, 1507, 1510 तथा 1515 आदि के लघु लेख मिले हैं जिनमें सूत्रधार लाषा और उसके पुत्र जयता, नारद तथा जयता के पुत्र नापा, पुञ्जा, भोमा, चौथा आदि के नाम मिलते हैं। इन्हीं के द्वारा चित्तौड़गढ़ में कुम्भा के काल में कीर्तिस्तम्भ, कुम्भस्वामी का मन्दिर, कुछ राजप्रासाद तथा रामपोल आदि का निर्माण हुआ अथवा उनका जीर्णोद्धार कराया गया था। इनमें से संवत् 1515 के लेख में लाषा के लिए 'सकलवास्तुशास्त्रविशारद' विरुद का प्रयोग किया गया है।

**2. सूत्रधार क्षेत्रार्क का परिवार**- सूत्रधार क्षेत्रार्क या खेता और उसके पुत्र मण्डन के परिवार का योगदान शिल्पशास्त्रोद्धारक की दृष्टि से अपूर्व माना जाता है। इस परिवार के के गुजरात से मेवाड़ में आने को लेकर मण्डन के निमित्त महाराणा मोकल द्वारा निर्धारित की गई मर्यादा, दान आदि विषयक अठारह पङ्क्तियों वाला एक ताम्रपत्र पीछोली, उदयपुर के निवासी भँवरलाल भारद्वाज के पास देखा गया था जिसका मूल पाठ डॉ. गोपीनाथ शर्मा ने प्रकाशित करवाया था-

'श्रीगणेश प्रसादातु॥ श्रीरामोजयति॥ श्रीएकलिङ्गप्रसादातु॥

महाराजाधिराज महाराणा श्री मोकलजी आदेशात् सुत्रधार

मण्डनपेतारा करय थने गुजरात थी अठे दरबार में
सीलपसास्त्र भण्यो थको सुत्रधार हो नहीं, जीं सुं थने गुजरात
थी बुलायो बहोत मेनत सुं ने आ मरजाद बांद दीदी जीरी
वीगत... ... ... ... ... ... ... ... ...
... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...
गाम एक गुन्दाली प्रगणे केलवाड़ा रे कोठार थी पको पेट्यो 1
दानी चौत्रा थी मास एक प्रत रु 30) जनानी डोढ़ी थी वरसोदरो।
नामो 1... ... ... ... ... ... ... ... ... ...
देवरो बावड़ी तलाव मेल मेलाइत वे जदी रो होम यज्ञ वे जदी
कुण्ड मण्डप वेदी रो वास्तु वरणी रो नेग श्री विश्वकर्माजी रा
पुजन रो नेग रो सराजाम सारो थने मया कर दीदो सो सारा
वंश रो सपुत कपुत पल्या जासी यो पुन श्रीजी रो है
अणी मरजाद री चोलण करेगा कोई मारा वंश रो उथापैगा जी ने श्री म्हा
सत्यां री आण है दुवे श्रीमुष प्रत दुवे पञ्चोली लक्षणसिंह
गोरावत स्वदत्ता परदत्ता वाजे हरंति वसुन्धरा षष्टि वर्ष सह
स्राणि विष्ठायां जायते क्रमी लीखता पञ्चोली चत्रभुजरा-
घोदासोत् संवत् 1482 रा वर्षे सावण सुद 2 बुधे।'

*(हिन्दुस्तानी क्वार्टरली, कलकत्ता जून 1954 जि. 30 सं. 2 पृष्ठ 178-82)*

विक्रम संवत् 1482 के इस ताम्रपत्र की भाषा को लेकर विरोधाभास है। श्रीनाथूलाल भागीरथ व्यास ने इसे जाली सिद्ध किया है और कहा है कि शोध की दृष्टि से यह दानपत्र बिल्कुल ही अनुपयुक्त होकर 18वीं शताब्दी से पूर्व का प्रतीत नहीं होता बल्कि व कृत्रिमता की ओर ही उसको ले जाता है। *(शोध पत्रिका, राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर, सितम्बर 1955 पृष्ठ 50-83)*

मण्डन जो कुम्भा का समकालीन था, अतः उसका जीवनकाल भी कुम्भा का ही माना जा सकता है अर्थात 1440-1460 ई.। सूत्रधार मण्डन ने बहुत परिश्रम से वास्तु-शिल्पशास्त्र के ग्रन्थों का समीक्षायण करते हुए समकालीन आवश्यकता के

अनुसार पुनर्सम्पादन किया। उसी के पुत्र गोविन्द व ईश्वर तथा ईश्वर के पुत्र छीतर (1499ई.)ने भी मेवाड़ में देव व जन स्थापत्य के कार्यों को पूरा किया। बहुत सम्भव है कि मण्डन के पिता क्षेत्रार्क ने विश्वकर्मीय 'जयपृच्छा' का सम्पादन किया था।

इसी काल में जहां आबू पर्वत पर, अचलगढ़ में सूत्रधार देवाक, मेवाड़ ज्ञातीय सूत्रधार मिहीपा, देवा, हला, पदा, हांपा, नाला, दाना, कला आदि तथा आदिनाथ मन्दिर के निर्माण में डूङ्गरपुर के सूत्रधार लूम्बा और लापा या नापा और कुम्भगढ़ में सम्भवत: धषण, पना जैसे शिल्पी-सूत्रधार भी सक्रिय थे।

मेवाड़ के शिल्पियों के कार्य की इतनी प्रशंसा हुई कि कालान्तर में जब शत्रुञ्जय पर्वत स्थित जैन तीर्थ का जीर्णोद्धार कार्य हुआ तब यहां से शिल्पियों को सम्मान वहां बुलाया गया, इनके नाम थे- नाथा, जेता, भीम, वेला, टीला, पोमा, गोरा, ढोला, देवा, गोविन्द, वच्छा, भान, छाभा, दामोदर, हरराज के नाम उल्लेखनीय है। इनमें कुछ शिल्पी गुजरात के थे। शत्रुञ्जय तीर्थ का जीर्णोद्धार कार्य 1531 ई. में सम्पन्न हुआ था। *(भावनगर इन्स. सं. 10, पृष्ठ 131-140)* उक्त सूत्रधार नाथा व गोविन्द नामक शिल्पी सूत्रधार मण्डन के अनुज व पुत्र ही है, ऐसा कहने के लिए अन्य कोई पुष्ट आधार नहीं किंतु वे इस काल तक जीवित अवश्य रहे होंगे, ऐसा स्वीकारने से इन्कार भी नहीं किया जा सकता है।

*महाराणा रायमल और तत्कालीन स्थापत्य व शिल्पकार्य-*

महाराणा कुम्भा के उत्तराधिकारी के रूप में पितृघाती उदयसिंह या उदा मेवाड़ की गद्दी पर बैठा किंतु लोगों ने उसका मुख देखने तक से परहेज किया और विक्रम संवत् 1530 (1473 ई.) में सामन्तों व जनबल से रायमल ने उसे चित्तौड़गढ़ से खदेड़ दिया। उसने फिर से मेवाड़ में विश्वास प्राप्ति तथा कुम्भा के कार्यों को अग्रसर करने का उपक्रम किया। उसके ये प्रयास उसके शासन काल में संवत् 1566 (1509 ई.) अर्थात् लगभग 36 सालों तक चलते रहे।

आज यशद, सीसा और रजत की खदान के रूप में जग-जाहिर जावरमाईंस (शिलालेखों में योगिनीपुर) में रायमल के काल में भी खनन होता था। हाल ही यहां हिरण्यकश्यप के किले पर मैंने मेवाड़ के महाराणा लाखा या लक्षसिंह के राज्यकाल के वास्तु अवशेष खोजें हैं, जो रायमल से लगभग सवा सौ साल पहले बने हैं। इससे विदित होता है कि महाराणा लाखा के काल तक जावर में बड़े पैमाने पर उत्खनन होने लगा था और जावर एक महत्वपूर्ण नगर के रूप में विख्यात हो चुका था।

रायमल ने अपनी बहन और महाराणा कुम्भा की पुत्री रमाबाई को मेवाड़ का यह सर्वाधिक राजस्व और आय वाला क्षेत्र दान कर दिया था। रमाबाई का विवाह सोरठ-जूनागढ़ के चूड़ासमा यादव नरेश मण्डलिक अन्तिम के साथ हुआ था जिसने बाद में महमूद बेगड़ा से हारकर इस्लाम धर्म स्वीकार लिया। रमाबाई मेवाड़ चली आई और यहीं पर वैष्णव मत की दीक्षा ग्रहण कर विष्णु की पूजा में निरत हुई। वह भक्तिपरायण स्त्री थी, उसने विक्रम संवत् 1554 में जावर में आराधना के निमित्त विष्णु का पञ्चायतन मन्दिर बनवाया तथा पवित्र जलकुण्ड भी खुदवाया। आज भी इस मन्दिर को रमास्वामी का मन्दिर कहा जाता है-

श्रीचित्रकूटाधिपतिमहाराजाधिराजमहाराणाश्रीकुम्भकर्णपुत्री श्रीजीर्णप्राकारे सोरठपतिमहारायाश्रीमण्डलीकभार्याश्रीरमाबाईप्रसादरामस्वामि...। *(गौरीशङ्कर हीराचन्द ओझा : उदयपुर राज्य का इतिहास, प्रथमभाग पृष्ठ 325 पर पाद टिप्पणी)*

इसी प्रकार कुम्भलगढ़ में भी दामोदर और कुण्डेश्वर के मन्दिर की पहाड़ी के नीचे एक सरोवर तथा योगिनीपत्तन या जावर में रामकुण्ड व मन्दिर बनवाया जिसका वर्णन जावर के रमास्वामी मन्दिर की प्रशस्ति में हैं। कुम्भलगढ़ में इस मन्दिर का दायित्व सूत्रधार रामा को सौंपा गया था जबकि जावर के मन्दिर के निर्माण का श्रेय मण्डन के पुत्र ईसर या ईश्वर को जाता है। जावर के इसी मन्दिर में वह प्रशस्ति अद्यावधि विद्यमान है जिससे मण्डन के ऐतिहासिक व्यक्ति होने का प्रमाण मिलता है तथा उसकी वंश-परम्परा पर भी प्रकाश पड़ता है-

श्रीमत्कुम्भनृपस्य दिग्गजरदातिक्रान्तकीर्त्यंबुधे: कन्या यादववंशमण्डनमणि श्रीमण्डलीकप्रिया। श्रीमत्कुम्भलमेरुदुर्गशिखरे दामोदरं मन्दिरं श्रीकुण्डेश्वरदक्षिणाश्रित गिरे सर: सुन्दरं। श्रीमद्भूरिमहाब्धिसिंधुभुवने श्रीयोगिनीपत्तने भूय: कुण्डमचीरत्किल रमा लोकत्रये कीर्तये॥ *(ओझा उपर्युक्त पृष्ठ 341 पर पाद टिप्पणी)*

एक प्रशस्ति में यह भी कहा गया है-

धत्ते यादवपुत्रवादिनमणिर्माणिक्यनैराजनम्। तावच्चारुतरं रमा विरचितं कुण्डं चिरं नंदतु॥ मेरौकुम्भकुले महीपतनया श्रीमण्डलीक प्रिया। दामोदरं मन्दिरं व्यरचयत् कैलासशैलोज्ज्वलम्॥ श्रीरस्तु सूत्रधार रामा। *(वीरविनोद भाग 2, पृष्ठ 57)*

जावर की प्रशस्ति में ही सूत्रधार ईश्वर का नाम भी आता है-

श्रीमेदपाटेश्वरेदेशे कुम्भकर्णनृपगृहे क्षेत्रार्क सूत्रधारस्य पुत्रो मण्डनं आत्मवान्। मण्डनसुत ईसर ए कमठाणु विरचितम्...। *(वीरविनोद उपर्युक्त)*

रायमल के काल में मेदपाटेश्वर एकलिङ्गजी के मन्दिर का जीर्णोद्धार हुआ था। एकलिङ्गजी मन्दिर में दक्षिण द्वार में लगी 22 मार्च 1488 ई. की प्रशस्ति से इस तथ्य की पुष्टि होती है कि रायमल ने राम, शाङ्कर तथा समयासङ्कट नामक तालाब का निर्माण करवाया और एकलिङ्गजी के मन्दिर का पुनर्नवीकरण करवाया। इस कार्य का नेतृत्व सूत्रधार अर्जुन ने किया था, अर्जुन ने ही इस प्रशस्ति को उत्कीर्ण किया था-

देवः सूत्रमृदर्जुनो व्यरचयत् श्रीशांभवं मन्दिर रम्यं रम्यतमामिमामुदकिस्तस्मिन् प्रशस्तिं सुधीः। *(वीरविनोद भाग 1, पृष्ठ 423 तथा भावनगर इंस्क्रिप्शन. नं. 9 पृष्ठ 117, 133)*

इस प्रशस्ति से चित्तौड़गढ़, नागदा-रामा, सिंहलीपुर, चीरुवर अथवा चीरवा, बाँधनवाड़ा, भीमाण या भुवाणा, कठड़ावन, मलकखेट, नोवांपुर, पीप्पली, पञ्चदेवला, रत्नखेट या रतनखेड़ा, थूर, कुम्भलगढ़ आदि गांवों, नगरों का वर्णन आता है, जिनका मैंने दौरा किया व पाया कि ये सभी स्थान सांस्कृतिक गतिविधियों की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण थे। यहां देव-वास्तु-शिल्प के कई अवशेष मिलते हैं।

रायमल के काल में ही मेवाड़ के पुरानगर व शिबियों की राजधानी के रूप में पहचाने गए माध्यमिका (सम्प्रति नगरी गांव) के निकट घोसुण्डी में सुन्दर वापी का निर्माण हुआ। इसका निर्माण रायमल की पत्नी शृङ्गारदेवी जो मारवाड़ के शासक राव जोधा की पुत्री थी, ने करवाया था। यहां से प्राप्त अक्षय तृतीया सन् 1504 ई. की प्रशस्ति में कवि महेश ने रायमल की उपलब्धियों का वर्णन किया है। *(जरनल बम्बई ब्रांच रॉयल एशियाटिक सोसायटी अङ्क 55 भाग 1)*

मेवाड़-मारवाड़ सीमा पर स्थित नारलाई गांव में आदिनाथ मन्दिर में रायमल के काल में ही, 1500 ई. में प्रतिमा स्थापित की गई। इस समय सूत्रधार सोमा ने यहां अपनी सेवाएं दीं। इसकी स्वीकृति महाराजकुमार पृथ्वीराज ने दी थी- श्रीमे[illegible]ाट देशे श्रीकुम्भकर्ण पुत्र राणा श्रीरायमल्ल विजयराज्ये तत्पुत्र महाकुमार पृथ्वीराज[illegible]नात... आ. श्री ईश्वरसूरिभिः इति लघुप्रशस्तिरियं लि. आचार्यश्री ईश्वरसूरिणा उत्कीण। सूत्रधार सोमकेन। *(भावनगर इन्स. सं. 12, पृष्ठ 143-145)*

रायमल के काल में ही ईश्वर का पुत्र छीतर भी शिल्पी के रूप में प्रसिद्ध हो चुका था। चित्तौड़गढ़ के आसपास उसने जैन मन्दिरों के निर्माण में प्रतिभा दिखाई। चित्तौड़ से प्राप्त सन् 1499 ई. के खरतरगच्छ अभिलेख में विवेवरत्नसूरि के शिष्य जयकीर्ति उपाध्याय के कार्यों के साथ रायमल की महत्ता का वर्णन किया गया है। इस

प्रशस्ति से छीतर के कार्यों का बोध भी होता है–सूत्र ईसर पुत्र सूत्र छीटरेणेयं कारितं मङ्गलं महाश्री। *(गोपीनाथ शर्मा–राजस्थान के इतिहास के स्रोत, पृष्ठ 157; उदयपुर पुरातत्त्वविभाग के संग्रहालय में विद्यमान तेबीसवां शिलालेख तथा राजपूताना म्यूजियम, अजमेर की वार्षिक रिपोर्ट– वर्षान्त, मार्च 1927 पृष्ठ 3–7)*

उक्त विवरण के आधार पर ऐसा जान पड़ता है कि चूंकि मेवाड़ और गुजरात में इस काल में बड़े पैमाने पर देव तथा जन स्थापत्य के महत्व का कार्य निरन्तर था, ऐसे में वास्तु–शिल्प शास्त्रीय ग्रन्थों की आवश्यकता भी समझी जा रही थी। यह आवश्यकता जहां नवनिर्माण के लिए थी, वहीं जीर्णोद्धार कार्य के लिए भी थी। दुर्ग, उद्यान वाटिका, महाराजाधिकार निवेश, पुर–ग्राम निवेशादि के लिए भी शास्त्रीय विमर्श आवश्यक था।

ऐसे में तत्कालीन आवश्यकता के अनुसार ही ग्रन्थों का लेखन–सम्पादन हुआ। सूत्रधार मण्डन (1440–1467 ई.), सूत्रधार नाथा (1460–1531 ई.) तथा सूत्रधार गोविन्द (1460–1531 ई.) ने करनी या सूत्राष्टक के ही कलम भी उठाई और ग्रन्थों का शोधन–चिन्तन पूर्वक रचनाकर्म किया।

मण्डन ने कई ग्रन्थ लिखे हैं। विभिन्न सूचीपत्रों के अनुसार मण्डन के ग्रन्थों को दो भागों में बांटा जा सकता है, मण्डन के ज्योतिष विषयक ग्रन्थों को छोड़कर अन्य सब ग्रन्थों को सानुवाद, विशेष भूमिका–भाष्य के मैंने सम्पादित किए हैं–

**मूर्ति–शिल्पशास्त्र विषयक ग्रन्थ** – रूपमण्डन्, देवतामूर्तिप्रकरणम् अथवा रूपावतार

**जन वास्तुशास्त्र विषयक ग्रन्थ** – वास्तुमण्डनम्, वास्तुसारमण्डनम्, राजवल्लभ वास्तुशास्त्रं, आयतत्त्वम्

**देववास्तु विषयक ग्रन्थ** – प्रासादमण्डनम्

**ज्योतिषशाकुनादि ग्रन्थ** – ज्योतिषमण्डनम् तथा शाकुनमण्डनम्।

सूत्रधार नाथा ने निम्न ग्रन्थ लिखा–

**वास्तुमञ्जरी** (इसमें तीन स्तबक है, ज्योतिष, आयादि गणित विषयक प्रथम स्तबक, प्रासाद स्थापत्य विषय प्रासादमञ्जरी द्वितीय स्तबक तथा प्रतिमा लक्षण विषयक रूपावतार तृतीय स्तबक)। यह आठ सौ श्लोकों का ग्रन्थ है। हाल ही में चौखम्बा संस्कृत सीरीज ऑफीस, बनारस से इस ग्रन्थ का प्रकाशन मेरे सम्पादन हुआ है।

## सूत्रधार गोविन्द की रचनाएं

जैसा कि पूर्व में कहा गया है कि मण्डन की सृजन परम्परा को उसके पुत्र ने आगे बढ़ाया। विद्वानों ने उसकी रचनाओं का उल्लेख किया है। डॉ. डी.आर. भण्डारकर के अनुसार सूत्रधार गोविन्द ने तीन ग्रन्थ रचे-

1. कलानिधि 2. द्वारदीपिका तथा

3. उद्धारधोरिणी अथवा अनुकर्मविधानम्।

वर्ष 1919 जब डॉ. भण्डारकार संस्कृत ग्रन्थों की खोज के लिए उदयपुर आए थे तब यहां के तत्कालीन राजकीय सूत्रधार चम्पालाल भारद्वाज के संग्रह में मण्डन के साथ ही गोविन्द के उक्त ग्रन्थों को देखा था। *(राजस्थान में संस्कृत ग्रन्थों की खोज रिपोर्ट, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर पृष्ठ 39)*

बाद में यह ग्रन्थ संग्रह प्रकाशन की दृष्टि से किसी के कार्य आया हो, ऐसा ज्ञात नहीं होता। इस संग्रह में गोविन्द विरचित एक आयुर्वेदिक रसायन विषयक ग्रन्थ नहीं था, यह ग्रन्थ उदयपुर के राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान में विद्यमान है जिसका नाम है 'सारसमुच्चय' और यहीं पर इसकी प्रतिलिपि मेरे देखने में आई। यह 20.5 गुणा 16.5 आकार की है तथा इस इस ग्रन्थ में कुल 65 पृष्ठ हैं किंतु इसमें से 14, 15 तथा 21वां पृष्ठ नदारद है। इसका प्रतिलिपिकाल 18वीं सदी ठहराया गया है। *(केटलॉग ऑफ संस्कृत एण्ड प्राकृत मैन्यूस्क्रिप्ट्स, भाग 12, पृष्ठ 316-317)*

यह आश्चर्य है कि गोविन्द ने आयुर्वेद पर भी ग्रन्थ का प्रणयन किया, यह उसकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है। अन्यथा पूर्वोक्त तीन ग्रन्थ तो वास्तु-शिल्प कला पर ही आधारित है।

इनमें 'द्वारदीपिका' ग्रन्थ में देवपदानुसार द्वार के शुभशुभफल, राशिवश द्वारमुख, दिशानुसार द्वार, द्वारमान, द्वारोच्छ्रय, आयतनानुसार द्वारदेवता, त्रि, पञ्च, सप्त व नवशाखद्वार विभक्ति, दोष, द्वारदृष्टिनिर्णयादि विषयों को अपराजितपृच्छा, ज्ञानरत्नकोश, दीपार्णव, प्रासादमण्डनम्, जयपृच्छादि ग्रन्थों के आधार पर संपादित किया गया है।

'उद्धारधोरिणी' अथवा 'वास्तु उद्धारधोरिणी' अपरनाम अनुकर्मविधान में जीर्णवास्तु चालन शुभशुभता, जीर्णवास्तु गुण-दोष, जीर्णप्रासाद लक्षण, जीर्णलिङ्गोद्धार, जीर्ण प्रतिमादि विषयों पर उपर्युक्त ग्रन्थों के साथ ही मयमतम्, विष्णुधर्मोत्तर, अपराजितपृच्छा,

अग्नि आदि पुराणादि के मतों का सम्पादन मिलता है। 'कलानिधि' में मन्दिर की शिखर रचना का वर्णन किया गया है।

# मन्दिर संरचना और शिखर

सर्वेश्वर की पूजा पद्धति में देवालयों का माहत्म्य सर्वविदित है। वैदिक युग में प्रार्थना पद्धति से देवताओं की उपासना, आराधना की जाती थी। मन्दिर का सर्वप्रथम उल्लेख 'शतपथब्राह्मण' में मिलता है जबकि दो मण्डप युक्त मन्दिर बनाए जाते थे और ये मण्डप स्तम्भों व बल्लों पर आश्रित होते थे। इन पर छत या छतिस् डाली जाती थी। *(शतपथ 3, 5, 3, 9)* धरन् द्वारा छत को आश्रय दिया जाता था जिसे प्राचीन वंश कहा गया है। *(वही 3, 1, 1, 6)*

छतें व भित्तियां प्रायः नरकट की पट्टियों एवं चटाई से आच्छादित की जाती थी *(वही 3, 5, 3, 9)* किंतु अद्यावधि शतपथब्राह्मण के काल का कोई अवशेष नहीं मिला और न ही परवर्ती काल के किसी ग्रन्थ में देवालय निर्माण विषयक कोई स्पष्ट प्रमाण मिलता है। कुषाणकाल तक चैत्य एवं विहारों का निर्माण हुआ। बाद में जवकि गुप्तकाल में ब्राह्मण धर्म का पुनरूद्धार हुआ, तब स्पष्ट रूप से मन्दिरों का निर्माण होने लगा। भारत का पहला मन्दिर, जिसमें पत्थरों का प्रयोग किया था, सम्भवतः गुप्तवंश के संस्थापक श्रीगुप्त ने बनवाया था। इत्सिंग के अनुसार श्रीगुप्त द्वारा निर्मित देवालय नालन्दा से 40 ली (1 ली = 6 मील) की दूरी पर स्थिति था। यद्यपि इस काल के मन्दिरों का वास्तु-विन्यास बौद्ध-विहारों से अनुप्राणित था और उनमें गर्भगृह के साथ ही चिपटी छतें होती थीं। गर्भगृह के सामने ही स्तम्भाश्रित लघु या वृहद् अलिन्द या बरामदा (षण) होता था।

*प्रासादों की कोटियां-*

इस काल के साथ ही देव प्रासादों के विकास का जो क्रम शुरू हुआ तो मन्दिरों की तीन कोटियां सामने आई- नागर, द्राविड़ तथा वेसर। मान्यता यह है कि नगर में निर्माण होने से देवालयों को नागर कहा जाने लगा। जो देवालय द्रविड़ देश या दक्षिण में बनने लगे थे, उनको द्राविड़ कहा गया तथा दोनों ही मन्दिरों की मिश्र शैली को वेसर या मिश्रक नामाभिधान दिया गया।

इसी आधार पर शिल्पशास्त्र का बहुत कुछ विकास गुप्त और उत्तर गुप्तकाल में

ही माना जाता है। प्रारम्भिक मान्यताओं के अनुसार देवालयों की रचना मानव यष्टि की समान ही परिकल्पित की गई अर्थात् मानव देह की भांति ही पद से लेकर सिर तक के भाग देवालय में मूल या आधार तथा शिखर कहलाए। यह भारतीय आस्थाओं की नींव पर प्रतीकवाद का पल्लवन था।

'क्षीरार्णव' में प्रासाद की रचना को देव शरीर रूप माना गया है। नींव की शिला को पद के रूप में, गर्भगृह को उदर, नींव को जङ्घा, स्तम्भ को जानु, घण्टा को जिह्वा, दीपक को प्राण, प्रणाल को गुदा, देव के ब्रह्मस्थान को नाभि, पीठिका को हृदय, प्रतिमा को पुरुष, पद को अहङ्कार, ज्योति को चक्षु, ऊर्ध्वभाग को उसकी प्रकृति, प्रतिमा को आत्मा, द्वार के कुम्भी के तल के निम्न भाग को लिङ्ग, शिखर के शुकनास को नासिका, झरोखों को कान, शिखर के स्कन्ध को खम्भा और आमलसार के कण्ठ को कंठ, कलश को मस्तक व भित्ति लेप को मज्जादि रूप समझना चाहिए-

प्रासादो देवरूपः स्यात् पादौ पाद शिलास्तथा।
गर्भश्चैवोदरं ज्ञेयं जङ्घा पादोर्ध्व मुच्चते॥
स्तम्भाश्च जानवो ज्ञेया घण्टा जिह्वा प्रकीर्तिता।
दीपः प्राणः रूपो ज्ञेया ह्यपाने जल निर्गतः॥
ब्रह्मस्थानं यदैतच्च तन्नाभिः परिकीर्तिता।
हृदयं पीठिका ज्ञेया प्रतिमा पुरुषः स्मृतः॥
पादचारस्त्वहङ्कारो ज्योतिस्तच्चक्षुरुच्यते।
तदूर्ध्वं प्रकृतिस्तस्य प्रतिमात्मा स्मृतौ बुधैः॥
तलकुम्भादधोद्वारं तस्य प्रजननं स्मृतम्।
शुकनासा भेवन्नासा गवाक्षः कर्ण उच्चते॥
कायापाली स्मृतः स्कन्धे ग्रीवा चामलसारिका।
कलशस्तु शिरोज्ञेयो मज्जादित्पर संयुतम्॥ *(क्षीरार्णव 1, 1-7)*

शिल्पग्रन्थों से ज्ञात होता है कि प्रारम्भिक काल में नागर मन्दिरों को इन अष्टाङ्गों से युक्त किया जाता था-

**1. मूल या आधार**- नींव और उससे लगे अङ्ग जिन पर सम्पूर्ण प्रासाद को

आश्रित किया जाता है।

**2. मसूरक**- नींव और भित्तियों के मध्य का भाग।

**3. जङ्घा**- भित्तियां और विशेषकर गर्भगृह आदि की भित्तियां।

**4. कपोत**- अर्थात् देवालय का कार्निस।

**5. शिखर**- देवालय का शीर्ष भाग जो गर्भगृह का ऊर्ध्वभाग भी है।

**6. ग्रीवा**- शिखर से ऊपर का भाग।

**7. आमलक**- शिखर के शीर्ष पर स्थापित होने वाला आंवले के आकार का वह भाग जिस पर कलश प्रतिष्ठित किया जाता है।

**8. कलश**- शिखर पर स्थापित किए जाने वाली अण्डाकार रचना।

द्राविड़ शैली के मन्दिरों की स्थापत्य रचना किञ्चित भिन्न होती है। इन मन्दिरों का आधार भाग वर्गाकार होता है तथा गर्भगृह पर सीधा पिरामिड आकार का शिखर होता है। इस शिखर पर विभिन्न मंजिलें होती है। शीर्षभाग गुम्बदाकार, छह या आठ पहल का होता है। ये विस्तृत प्राङ्गण वाले व पर्याप्त ऊंचाई लिए होते हैं। प्राङ्गण में छोटे-बड़े अनेक मन्दिर, कक्ष, जलदीर्घिकाएं होती हैं। प्राङ्गण का मुख्य प्रवेशद्वार 'गोपुरम्' कहा जाता है।

गुप्तकाल में छतें सपाट ही अधिक होती थीं जबकि उत्तर गुप्तकाल में देवालयों में अलङ्करण को प्राथमिकता मिली तथा तथा उनके शीर्ष सुन्दर, सुसज्जित शिखर से मण्डित किए जाने लगे जो उस युग के शिल्पियों की उर्वर कल्पनाओं के द्योतक हैं। देवगढ़ का मन्दिर इस काल का अन्यतम उदाहरण माना जा सकता है।

*शिखर संरचना : प्रारम्भ और पल्लवन*-

देवालयों में शिखर की रचना अति महत्वपूर्ण कही गई है। इसके प्रारम्भ को लेकर कई विद्वानों के परस्पर विरोधी मत मिलते हैं। काडरिंगटन का मत है कि शिखर का उद्भव मध्ययुग में हुआ, किन्तु यह मत मान्य नहीं है। कतिपय विद्वानों ने माना है कि प्रथम शताब्दी के पूर्वार्द्ध में शिखर संरचना होने लगी थी। इस अवधारणा के मूल में विचार यह रहा है कि तत्कालीन झोपड़ियों से प्रेरणा लेकर शिल्पियों ने शिखर की कल्पना की होगी। इस प्रसङ्ग में पूर्वगुप्तशैली के अन्तर्गत बने नाचनाकुठारा के पार्वती मन्दिर की चिपटी छत की ऊपरी बनावट शिखर संरचना के उद्भव या प्राथमिक प्रयासों

की परिचायक है।

यह भी विचार प्रकट किया गया है कि शिखर की उत्पत्ति बौद्ध स्तूपों के आश्रय या उसकी रचना से प्रसूत है। इस सन्दर्भ में यह कहा जाता है कि स्तूप के शिखर की बनावट को क्रमशः ऊपर कुछ इस प्रकार बनाया गया है कि धीरे-धीरे वह अर्द्धव्यास से शुण्डाकार होता चला गया। स्तूपों में मण्डलाकार छत्र शिखर का ही पूर्व रूप है जो ऊपर की ओर किञ्चित शुण्डाकार निर्मित होने लगा। यह विचार अन्य प्रमाणों के अभाव में प्रथम व समीचीन भी माना जाता है।

पाँचवीं सदी के मन्दसौर में मिले कुमारगुप्त तथा बन्धुवर्मन के अभिलेख में एक सूर्य मन्दिर का वर्णन किया गया है जिसका निर्माण 437-38 ई. में हुआ तथा तत्कालीन लाट-गुजरात के रेशम-कौशेय शिल्पियों के संघ ने इसका 36 साल उपरान्त जीर्णोद्धार करवाया। इस मन्दिर के अवशेष वर्तमान के घोटारसी (प्राचीन नाम घोटावर्षिका, प्रतापगढ़ जिला चित्तौड़गढ़) के खेतों में मैंने देखें हैं। इस भंव्य शिखर था और उस पर ध्वजा फहरती थी। शिखर का यह प्रथम प्रमाण माना जा सकता है। इसके भग्नावशेषों में कतिपय प्रतिमाओं, स्तम्भों के पदाङ्गों के साथ ही आधा, खण्डित आमलक भी मैंने देखा है जो निश्चय ही इस मन्दिर के उन्नत शिखर पर स्थापित रहा होगा। इसे बहुत समय तक किसी स्तम्भ की तुला रचना तुल्य समझा जाता रहा किंतु यह चक्रीय रचना वास्तव में शिखर का आमलक है। अभिलेख में विस्तीर्ण, तुङ्गशिखर का उल्लेख भी है- विस्तीर्ण्ण तुङ्गशिखरं शिखरि प्रकाशमभ्युद्गतेन्द्वमल रश्मिकलापगौरं॥ *(जॉन फेथफुल फ्लीट : भारतीय अभिलेख संग्रह, जयपुर 1979, पृष्ठ 102)*

इसी प्रकार कुमारगुप्त प्रथम (415-16 ई.) के बिलसद् अभिलेख तथा कुमारपाल के सामन्त विश्ववर्मन (423-24 ई.) के झालावाड़ के निकटस्थ गङ्गधार में मिले अभिलेख में भी उच्च शिखरान्वित प्रासादों के निर्माण का संकेत मिलता है। विश्ववर्मा के मन्त्री मयूराक्ष ने विष्णुमन्दिर का निर्माण भी करवाया था जिसकी कैलाश पर्वत के उत्तुङ्ग शिखर के सदृश आकृति का गंगधार अभिलेख में उल्लेख है- कैलाशतुङ्गशिखर-प्रतिमस्य यस्स्य दृष्ट्वाकृतिं प्रमुदितैर्व्वकानारविन्दि। *(उपर्युक्त पृष्ठ 94)* उदयपुर जिलांतर्गत लोह प्रद्रावण के केंद्र के रूप में खोजे गए ईसवाल के निकट बड़वासन माता के मन्दिर के निकट गुप्तकालीन आमलक युक्त शिखर की संरचना मेरे देखने में आई है।

डॉ. राखालदास बनर्जी का इस सम्बन्ध में यह कहा जाना युक्ति संगत प्रतीत होता है कि उत्तर गुप्तकाल, लगभग छठी शताब्दी में ही देवालयों पर शिखर का

प्रचलन हुआ। प्रारम्भ में देवालयों की छतें चिपटी होती थीं किंतु कालान्तर में शिल्पियों, सूत्रधारों ने नवाचार किया। इसके परिणाम स्वरूप चिपटी छतों को ऊपर की ओर क्रमिक रूप से शुण्डाकार बनाया जाने लगा जो शिखर के रूप में व्यहृत हुआ। शिखर का पूर्ण विकसित रूप छठी सदी के देवगढ़ के दशावतार मंदिर के साथ देखा जाता है। इस प्रकार उत्तर भारतीय नागर शैली का प्रथम उदाहरण माना जाता है जो निपुण शिल्पियों के सतत परिश्रम और महान मेधा का परिचायक है। *(डॉ. सच्चिदानन्द सहाय- मन्दिर स्थापत्य का इतिहास, पटना 1989 पृष्ठ 17)*

उत्तर गुप्तकालीन विष्णुधर्मोत्तरपुराण में शिखर रचना पर विशेष जानकारी मिलती है। शिखर के अनुसार तव कैलास, त्रिकूट, राजराजाख्य आदि आठ प्रकार के प्रासाद बनने लगे थे जिनके विमान, सुरराट्, आनंद,सुसम, प्रभञ्जन, महासुमन, वज्र, लोकपाल, दिग्बन्ध, त्रिगुण, नंदक, आकाश, शंख, पद्मनाभ, अम्बु, मंगलादि सौ नाम भी थे-

शिखर कुहरोपेतो नानारूपभूपितः।

एक मण्डपसंयुक्तादृशैः सुरमन्दिरैः॥

... प्रासादानां शतं चैतत् समासात् कथितं मया।

यथेच्छाशाखामुखाः कार्या येषां दिङ्न प्रयोजिता॥ *(विष्णुधर्मोत्तरपुराण 3, 87, 107 तथा 129)*

इस प्रकार कहा जा सकता है कि गुप्तकाल तक देवालयों में शिखर रचना का विकास हो गया था और उन्नत शिखर पर आमलक के ऊपर कलश प्रतिष्ठित होने लगा था। इसके लिए शिखर को बहुत ही युक्तिसंगत विधि से तैयार किया जाता था और उसके साथ ध्वजा भी शोभायमान की जाती थी।

*एक जटिल विषय-*

देव वास्तुशास्त्रों के विकास या पल्लवन के साथ ही शिखर के नाना रूपों, अलङ्करणों और अङ्गों का विधान होता चला गया। इनके मूल में मन्दिर की सुन्दरता का ध्येय तो था ही, मन्दिर को उचित लक्षणों से सच्चरित्र, सविशेष्य और सुरम्य-सुभव्य करना भी था। राजपूतकाल, चालुक्यकाल और विशेषकर प्रतिहारकाल तक इस दिशा में विशेष रूप से चिंतन हुआ जिसे मैत्रकों के काल में भी निरंतर बल मिला। परवर्ती क्षेत्रीय नरेशों के काल में स्थापत्य की जो विशेषताएं परिलक्षित हुई, उनमें भी शिखरविधान एक प्रमुख विशेषता के रूप में पल्लवित होता रहा।

इस दिशा में मालव-अवन्तिका, गुजरात, राजपूताना के विभिन्न नरेशों के आश्रित सूत्रधारों ने नाना प्रयोग किया, नाना गणितीय पद्धतियों पर विचार किया और प्रासाद स्थापत्य के साथ उनको प्रदर्शित करने का उपक्रम किया। इनमें भौगोलिक विशेषता और देवाधारित, सम्प्रदायोक्त मान्यताएं सदैव विचारणीय रहीं। इस अवधि में रचित ग्रन्थों में समराङ्गणसूत्रधार, ज्ञानप्रकाशदीपार्णव, क्षीरार्णव, वृक्षार्णव, जयपृच्छा, अपराजितपृच्छा, प्रासादतिलक, ज्ञानरत्नकोश आदि के नाम स्मरणीय हैं जिनमें एक से लेकर दो या तीन अध्यायों तक शिखरविधान का वर्णन मिलता है। यहां यह भी स्मरणीय है कि खिलजिया सल्तनतकाल को मूर्तिभञ्जनावधि के रूप में कितना ही कोसा जाता रहा हो किंतु अल्लाउद्दीन खिलजी के ही दरबारी चन्द्राङ्गज ठक्कुर फेरू ने प्रासाद निर्माण विधि के साथ ही शिखर निर्माण निर्देशों को भी वरीयतः लिखा है।

क्षीरार्णव के रचनाकाल तक शिखरों के अनेक प्रकार प्रचलन में आ चुके थे। तब शिल्पियों को निर्देश दिया जाने लगा था कि वे शिखरों को अनेक अण्डकों से सुशोभित करते हुए चढ़ाएं। मण्डोवर पर छज्जे के ऊपर प्रहार का थर करें और उस पर शृङ्ग चढ़ाएं। एक शृङ्ग के उपर दूसरा शृङ्ग चढ़ाते हुए आधा भाग छोड़ें। इसी प्रकार अन्य निर्देश भी निर्धारित हो चुके थे-

शिखराश्च विविधाकाराऽनेकाण्डकभूषिताः।
छाद्योर्ध्वप्रहाराः स्यात् ऊर्ध्वे शृङ्गाणि कारयेत्॥
शृङ्गे-शृङ्गे त्वधच्छाद्यमूर्ध्वं शृङ्गताधोऽद्गमम्।
स्वस्याङ्गस्य प्रमाणं तु सपादे शृङ्गमुच्छ्रये॥
स्कन्धस्यार्द्धोदये घण्टा सर्वकामफलप्रदा।
मूलकर्णरथादौ च एकद्वित्रिक्रमो न्यसेत्॥
निरन्धारे मूलभित्तौ सान्धारे भ्रमभित्तिषु।
रेखा गर्भसमा शस्ता विस्तीर्णा धनदा स्मृता॥
रेखामूलस्य दिग्भागे कूर्यादग्रे षडंशकाः।
षड्बाह्ये दोषदं प्रोक्तं पञ्चमध्ये न शोभनम्॥

डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल ने मन्दिर के शिखर की रचना को अत्यन्त जटिल विषय माना है। मण्डोवर के छज्जे के ऊपर दो एक थर और लगाकर शिखर की शुरूआत की जाती है। वास्तुसार में इन थरों के नाम बेराडु और पहारु (वास्तुसार पृष्ठ

112) किन्तु मण्डन ने प्रासादमण्डनम् में केवल पहारु थर का ही उल्लेख किया है। शिखर के उठते हुए विन्यास के शृङ्गों की रचना सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। मण्डोवर की विभिन्न फालनाओं की ऊंचाई स्कन्ध के बाद जब शिखर में उठती है तो कोण, प्रतिरथ और रथ आदि की सीध में शृङ्ग बनाए जाते हैं। इन्हीं शृङ्गों के द्वारा शिखर का ठाठ जटिल और सुन्दर हो जाता है। *(प्रासादमण्डनम्, जयपुर 1963, पृष्ठ 25)*

प्रसिद्ध शिल्पशास्त्री प्रभाशङ्कर ओघड़भाई सोमपुरा ने भी शिखर के विषय को अति गम्भीर माना है। उनके अनुसार शिखर में अधिक अण्डकों या कर्म उरुशृङ्ग, प्रत्यागादि वगैरह चढ़ाने के होते हैं। अनुभव के रहित सूत्रों से पकड़कर रखने वाले और दूसरों की कमी निकालते हैं, यह अयोग्य है। समदल उपाङ्गवाले प्रासाद के शिखर में शिल्पियों को कम तकलीफ पड़ती है परन्तु हस्ताङ्गुल उपाङ्गवाले प्रासाद के शिखर में तो शिल्पी की सचमुच कसौटी होती है। उसकी कद्र करने के बदले अल्पज्ञ कमी निकलाते हैं, यह दुःसह लगता है। अठारहवीं सदी में हुए तीन पद पर तीन शिखरों के पायचे मूलकर्ण गर्भगृह के पाट के समसूत्र में मिलाने की शिल्पियों की प्रथा उस समय में थी। हस्ताङ्गुल शिखर में शृङ्गों के निर्गम ऊरुशृङ्गों पर शृङ्ग मिलाने में शिल्पियों को कई मुश्किलें आती है, यह सब कठिनाइयां बुद्धिमान शिल्प मिलाकर सुन्दर शिखर बनाते हैं। *(क्षीरार्णव, पालीताणा 1967, भूमिका पृष्ठ 33)*

शिखर वस्तुतः प्रासादों की रचना के अनुसार ही निर्मित किए जाते रहे हैं। विश्वकर्माकृत क्षीरार्णव, भुवनदेवभाषित अपराजितपृच्छा तथा विश्वकर्मा के ज्ञानरत्नकोश आदि नागरादि शिल्पग्रन्थों में भारतीय प्रदेशों में प्रवर्तमान प्रासादों की चौदह जातियों का उल्लेख मिलता है। लगभग यही उल्लेख ठक्कर फेरूकृत वास्तुसार, सूत्रधार मण्डन के प्रसादमण्डनम् तथा सूत्रधार नाथा की वास्तुमञ्जरी में भी मिलता है। मण्डन ने चौदह में से आठ जातियों की श्रेष्ठता स्वीकारी है जबकि अपराजितकार ने इन जातियों के बारे में विस्तार से वर्णन करते हुए चार अध्यायों (सूत्र 103 से 106) की रचना की है।

ये जातियां हैं– 1. नागर 2. द्रविड़ 3. लतिन 4.भूमिज 5. वराट् 6. विमान 7. मिश्र 8. सान्धार 9. विमाननागर 10. विमानपुष्पक 11. वलभी 12. फासनाकार 13. सिंहावलोकन तथा 14. रथारूह–

नागरा द्राविडाश्चैव लतिलाश्च विमानकाः।
मिश्रकाश्च वराटाश्च सान्धारा भूमिजा स्तथा॥
विमान नागराच्छन्दा विमान पुष्पकाथवा।

वल्लभा फासनाकारा-सिंहावलोका रथरूहा॥ *(क्षीरार्णव 1, 10-11)*

अपराजितकार ने स्पष्ट किया है कि जिन-जिन देवों ने प्रासाद के आकार की पूजा की, उनके ही अनुसार सम्बद्ध नाम वाले प्रासादों का रचना विधान हो गया। देवों के पूजने से नागरजाति, दानवों से द्राविड़, गन्धर्वों से लतिन, यक्षों से विमान, विद्याधरों से मिश्रक, वसुदेवों से वराटक, नागदेवों से सान्धार, नरेंद्रों से भूमिज, सूर्य से विमाननागर, चन्द्रमा से विमानपुष्पक, पार्वती से वलभी, हरसिद्धि आदि से सिंहावलोकन, व्यन्तर स्थित देवों से फासनाकार और इन्द्रलोक के देवों के पूजनादि से रथारूह या दारुज जाति- इस प्रकार चौदह जाति के प्रासादों का उद्भव हुआ-

यत्र येषां कृता पूजा तत्र तन्नामकास्तु ते।
प्रासादानां समस्तानां कथयिष्याम्यनु क्रमम्॥
सुरैस्तु नागराः ख्याताः द्राविडा दानवेन्द्रकैः।
लतिनाश्चैव गन्धर्वैर्यक्षैश्चापि विमानजाः॥
विद्याधरैर्मिश्रकाश्च वसुभिश्च वराटकाः।
सान्धाराश्चोरगैः ख्याताः नरेंद्रैर्भूमिजास्तथा॥
विमाननागरच्छन्दाः सूर्यलोकसमुद्भवाः।
नक्षत्राधिलोकोक्ताश्चन्दा विमानपुष्पकाः॥
पार्वतीसम्भवाः सेना वलभ्याकारसंस्थिताः।
हरसिद्ध्यादिदेवीभिः कार्याः सिंहावलोकनाः॥
व्यन्तरस्थितदेवैस्तु फासनाकारिणो मताः।
इन्द्रलोकसमुद्भूता रथाश्च विविधा मताः॥ *(अपराजितपृच्छा 106, 11-16)*

धाराधिप भोजकृत 'समराङ्गणसूत्रधार' में इस सम्बन्ध में संक्षिप्त चर्चा की है किंतु जातिभेद के नाम पर भूमिज, लतिन, नागर, द्रविड़ व वलभी का ही विवरण दिया गया है। इससे पूर्व नेपाल में प्राप्त सातवीं सदी के 'लक्षणसमुच्चय' में प्रादेशिक आधार पर छह जातियों की सूचना मिलती है-1. कलिङ्ग 2. नागर 3. लाट 4. वराट 5. द्रविड़ तथा 6. गौड़। इसी ग्रन्थकार ने विधि स्वरूपानुसार देवालय की छह अन्य जातियों का भी नामोल्लेख किया है- 1. लतिन 2. कुटिन 3. शेखरी 4. चक्रीण 5. भूमिज 6. भूमिज तथा 6. सान्धार-

देश जाति कुलस्थान वर्ण भेदैस्तथा परे ॥ 3 ॥
जातयोऽष्टौ प्रवर्तन्ते गङ्गातीरेषु सर्वदा।
अहिराजेषु सान्धारो नागरश्च प्रशस्यते ॥ 4 ॥
गौडवङ्गकामरूपे सान्धारो लतिनस्तथा।
तुरकोऽहालेषु ? गङ्गोदधौ विमानकः ॥ 5 ॥
चौलदेशे महानीले श्रीनीले पर्वते तथा।
मल्यकलिङ्गकर्णाटे कान्यकुब्जनिवास के ॥ 6 ॥
वैराज्येषु विराटे च कोङ्कणे दक्षिणापथे।
नागराद्राविडाशूच्छन्दा वराटा भूमिजास्तथा ॥ 7 ॥
लतिनाश्चैव सान्धारा मिश्रकाश्च विमानकाः।
अष्टच्छन्दास्तथा चैते प्रासादाः परिकीर्तिताः ॥ 8 ॥
जयन्त्यां मालव देशे काञ्चयां कालञ्जरे तथा।
अन्तर्वेधां च मगधे मथुरायां हिमाश्रये ॥ 9 ॥
दण्डकारण्यसह्याच्योश्चत्वारश्छन्दका इमे।
लतिना नागराश्चैव सान्धारा भूमिजास्तथा ॥ 10 ॥
सिन्धौ च खुरासाणे च तेजों गक्षणकादिषु।
सवमोहनमादियुक्ते ? पश्चिमे पार्श्वमण्डले ॥ 11 ॥
सौराष्ट्रे गुर्जरे देशे काश्मीरे च स्वयंभरे।
... ... ... ... ... ... ... ॥
वहिरावत्योमवन्दने... यादि... सृष्टयो... प्रासादाः।
स्त्री पुरुषाणां सूर्ये कुर्यान्नपुंसकान् ॥ 14 ॥
विमाननागराश्छन्दान् कुर्याद्विमानपुष्पकान्।
सिंहावलोकवलभीफांसनांश्च रथारूहान् ॥ 15 ॥
प्रवर्तन्ते सर्वदेशे व्योम चैकं न वर्तते।
ऐतेषु भरतक्षेत्राद्यं देशानुक्रम कथ्यताम् ? ॥ 16 ॥ *(वास्तुनिघण्टु, गुजराती, पृष्ठ*

*159 पर उद्धृत)*

इसी के साथ 1. वलभी तथा 2. फासनाकार दो अन्य रूप भी,निर्दिष्ट किए हैं। इसी प्रकार दक्षिण में प्राप्त दसवीं सदी के ग्रन्थ 'कामिकागम' में प्रासादों की छह कोटियां ही निर्धारित की गई है- 1. नागर 2. द्रविड़ 3. वेसर 4. वराट 5. कलिङ्ग तथा 6. सर्वदेशी- जो देशानुसार उद्धूत बताए गए हैं-

नागरः पूर्वदेशे च कर्णाट द्रविडः स्म

व्यन्तर पश्चिमे देशे वेसर उत्तरापथे।

कलिङ्ग कलिङ्ग देशे यामुन सर्वतः स्थितः

देश जातिश्च कथिता कुलस्थान बलोद्भव॥ *(वास्तुनिघण्टु उपर्युक्त)*

प्रासादों की उक्त जातियां इन ग्रन्थों से पूर्व लिखित काश्यपशिल्पम् या अंशुमद्भेदागम, मयमतम् में तीन ही कोटियों का नामोल्लेख मिलता है जो संभवतः प्रारम्भिक स्तर पर प्रचलित हुई थी- 1. नागर 2. द्रविड़ तथा 3. वेसर। विद्वानों ने इसे तीन रूप में देखा है- शुद्ध, मिश्र तथा संकीर्ण। (विशेष- Essay on the architeture of the Hindu By Ram Raz, p. 49)

आठवीं-नवीं सदी में सम्पादित माने गए 'गरुडपुराण' के 47वें अध्याय में स्पष्ट किया गया है कि लक्षणों व स्वरूप की भिन्नता के कारण प्रासाद अनेक प्रकार के होते हैं। यथा- वैराज, पुष्पक, कैलास, मालिका या माणिक तथा त्रिविष्टप- ये पांच प्रकार के प्रासाद कहे गए हैं। इनमें से प्रथम प्रकार का वैराज नामक प्रासाद सब प्रकार से चौकोर और समतल होता है। पुष्पक प्रासाद आयताकार, कैलास वृत्ताकार, मालिका वृत्तायत तथा पाँचवा प्रासाद त्रिविष्टप अष्टकोणाकार होता है। ये प्रासाद मनोहारी होते हैं। इन प्रासादों से ही अन्य प्रकार के प्रासादों का स्वरूप निर्मित होता है।

पुराणकार का मत है कि वैराज प्रासाद की कला से नौ प्रकार के प्रासादों का उद्भव हुआ है- मेरु, मन्दर, विमान, भद्रक, सर्वतोभद्र, रुचक, नन्दन, नन्दिवर्धन और श्रीवत्स। पुष्पक प्रासाद से वलभी, गृहराज, शालागृह, मन्दिर, विमान, ब्रह्ममन्दिर, भवन, उत्तम्भ तथा शिविकावेश्म की उत्पत्ति मानी गई है। वलय, दुन्दुभि, पद्म, महापद्म, मुकुली, उष्णीषी, शंख, कलश, गुवावृक्ष तथा अन्य वृत्ताकार प्रासाद कैलास से निकले हैं। गज, वृषभ, हंस, गरुड, सिंह, सम्मुख, भूमुख, भूधर, श्रीजय तथा पृथ्वीधर का उद्भव मालिका से तथा वज्र, चक्र, मुष्टिकवभ्रु, वक्रस्वस्तिक, खड्ग, गदा,

श्रीवृक्ष, विजय एवं श्वेत प्रासादों का उद्भव त्रिविष्टप से हुआ है। पुराणकार ने मण्डप संस्थान विषयक प्रासाद संरचनाओं में त्रिकोण, पद्माकार, अर्धचन्द्राकार, चतुष्कोण तथा षोडशकोणीय प्रासादों का उल्लेख भी किया है जो क्रमशः राज्य, ऐश्वर्य, आयुष्य, पुत्रलाभ व स्त्रीसुख देने वाले हैं।

गरुडपुराणकार ने पुनः स्पष्ट किया है कि निर्माण पद्धति, आकार तथा परिमाण की विभिन्नता के फलस्वरूप उक्त प्रासाद भिन्न-भिन्न प्रकार के हो जाते हैं। इसमें से कुछ प्रासादों का आकार होता है किंतु कुछ आधार से हीन होते हैं। ये प्रासाद अपने छन्दक अर्थात् शिखर निर्माण के भेद से भिन्न-भिन्न प्रकार के हो जाते है। रचना-पद्धति तथा नाम के भेद से परस्पर सांकर्य के कारण भी भिन्न-भिन्न प्रकार के प्रासाद हो सकते हैं। *(गरुडपुराण, गीताप्रेस गोरखपुर, पृष्ठ 69)*

निश्चय ही गरुडपुराण का यह संकेत प्रासादों की शिखर रचना के विकासक्रम के साथ ही शिखर के रूप विधान व उस पर आधारित संज्ञाभिधान को परिभाषित करता है और पूर्वी भारत में उस समय तक विकसित हो चुकी परम्परा का परिचायक कहा जा सकता है।

शिखर की रचना के सम्बन्ध में सर्वाधिक विस्तृत विवेचन भुवनदेव ने दिया है। प्रसिद्ध शिल्पी प्रभाशङ्कर ओघडभाई सोमपुरा का मत है कि अपराजितपृच्छाकार की व्याख्या के अनुसार गुजरात, राजस्थान और खजुराहो के और एकाण्डक प्रासादों का नागर जाति की मर्यादा में समावेश हो जाता है, परन्तु विकासक्रम की दृष्टि से अर्थात् उस एकाण्डक शिखर वाली जाति ज्यादा प्राचीन होने से और उस एकाण्डक का ही सन्तान होने से लतिन को ही नागर कहने का लक्षणसमुच्चय जैसे अपराजितपृच्छा से भी अधिक प्राचीन ग्रन्थों में मत है। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखें तो प्रासादों की ज़ाति में एकाण्डक लतिन जाति को आदि मानना चाहिए अथवा व्यापक अर्थ में देखें तो, एकाण्डक और अनेकाण्डक दोनों नागर के ही प्रकार मानना चाहिए। एकाण्डक ज्यादा प्राचीन और अनेकाण्डक उत्तरकालीन भी सविशेष प्रचलित है। *(क्षीरार्णव, भूमिका पृष्ठ 12-13)*

देव शिल्प-स्थापत्य विषयक उक्त ग्रन्थों के आधार पर विभिन्न जातियों के कतिपय प्रासादों में शिखर के विभिन्न अङ्गों को इस प्रकार बताया गया है-

*भूमिजप्रासाद के शिखराङ्ग-*

1. वरण्डिका 2. प्रहार 3. रथिका 4. शुरसेनक 5. स्तम्भकूट 6. ध्वजापुरुष 7.

माला 8. स्कन्ध 9. घण्टा 10. चन्द्रिका तथा 11. कलश।

*लतिनप्रासाद के शिखराङ्ग-*

1. कलश 2. चन्द्रिका 3. आमलसारक 4. ग्रीवा 5. स्कन्ध 6. रेखा 7. कला 8. भूमि-आमलक 9. खण्ड 10. कण्ठ 11. वरण्डिका 12. वेणुकोश 13. मध्यलतापञ्जर 14. लतापञ्चक 15. बालपञ्जर। (अन्य अङ्ग-1. मूलघण्टा 2. ऊरुघण्टा 3. घण्टिका 4. रथ 5. रथिका 6. कूट 7. संवरणा 8. चूला या चूली 9. ग्रीवा)।

*नागरप्रासाद के शिखराङ्ग-*

1. कलश 2. आमलसारक 3. मूलरेखा या मूल मञ्जरी 4. ऊरूशृङ्ग 5. कर्म 6. सिंह 7. शुकनास 8. तवङ्ग 9. तिलक 10. कर्म 11. प्रहार।

*द्रविड़प्रासाद के शिखराङ्ग-*

1. अधिष्ठान 2. पद्म 3. कुमुद 4. सिंहमाला 5. प्रति 6. वेदी 7. आदितल 8. पाद 9. देवकोष्ठ 10. प्रस्तर 11. उत्तर 12. वाजन 13. नासिका 14. कपोत 15. मञ्च 16. सिंहमाला 17. कर्णकूट 18. वितार्दिका 19. भद्रशाल-कोष्ठ 20. नेत्रकोष्ठ 21. बारान्तर 21. द्वितीयतल 22. क्षुद्रनासिका 23. तिलनासिका 24. चतुरस्रशिखर 25. वृष 26. ग्रीवा 27. ग्रीवाकोष्ठ 28. महानास 29. सिंहवक्त्र 30. स्तूपिका।

द्रविड़ जाति के प्रासादों में शिखर के चतुरस्रादि स्वरूपों के अङ्ग पृथक-पृथक इस प्रकार होते है-

**1. चतुरस्त्रशिखर-** 1. शाला 2. हार 3. कर्णकूट 4. ग्रीवा 5. महानासी

**2. वृत्तशिखर-** 1. वृष 2. हंसवाजन 3. महानासी 4. पद्मपत्र 5. स्तूपिका

**3. अन्य वृत्तशिखर-** 1. पीढानफलक 2. ग्रीवा 3. महानासी 4. पार्श्वनासी

**4. अष्टास्त्रशिखर-** 1. सिंहमाला 2. पीढानफलक 3. वृष 4. ग्रीवा 5. नासिक तथा 6. कर्पूरीपद्मपत्रिका।

*वलभीप्रासाद के शिखराङ्ग-*

1. गर्भगृह 2. कपोत 3. वलितपट्टिका 4. कण्ठ 5. स्कन्धवेदी 6. वलभी 7. चन्द्रशाला 8. आमलसारक तथा 9. सिंह।

*फासनाकारप्रासाद के शिखराङ्ग-*

1. प्रहार 2. कर्णफासना 3. भूमिज 4. चन्द्रशालिका 5. सिंहकर्ण 6. घण्टा तथा

7. कलश।

इस प्रकार विभिन्न कोटियों के प्रासादों के शिखराङ्गों का विधान किया गया है और इनके प्रमाण यत्र-तत्र मिले हैं। ये शिखर रचना के निमित्त शिल्पिसमुदाय के निरन्तर शोधानुसंधान व प्रासादों को सुन्दर से सुन्दरतम बनाने की दिशा में एक अद्भुत, अपूर्व पहल-प्रयासों की कथा को भी कहते प्रतीत होते हैं।

नागरादि प्रासादों में शिखर रचना विशेष रूप से विवेच्य हुई है। इस पर कुछ विद्वानों ने प्रकाश भी डाला है। प्रासादमण्डनम् की भूमिका में डॉ. अग्रवाल ने लिखा है कि बीच के शिखर के यदि हम एक इकाई मानें तो उसकी चारों दिशाओं में चार उरुशृङ्ग बनाए जा सकते हैं। ये शृङ्ग भी शिखर की आकृति के होते हैं। यदि मूल शिखर का सामने से दर्शन किया जाए तो वह आकृति शृङ्ग होती है। प्रासाद के शिखर का सम्मुख दर्शन ही शृङ्ग है। मूल शिखर और उसके चारों ओर के चार शृङ्ग इस प्रकार कुल पाँच शृङ्गयुक्त रूप प्रासाद का एक सीधा प्रकार हुआ। बीच के शिखर को मूल मञ्जरी और चारों ओर के मूलभूत बड़े शृङ्गों को उरुशृङ्ग कहते हैं। इसी के लिए राजस्थानी और गुजराती स्थपतियों में छातिया शृङ्ग शब्द भी प्रचलित है। वस्तुतः शृङ्ग और शिखर पर्यायवाची है। ठक्कुर फेरू ने उरुशृङ्ग या छातिया शृङ्ग को उरसिहर कहा है। मूल मञ्जरी के चार भद्र या पार्श्व में चार उरुशृङ्गों के अतिरिक्त अनेक शृङ्ग बनाए जाते थे। *(प्रासादमण्डनम् पृष्ठ 25)*

इसी प्रकार शिखर पर उरुशृङ्गों की भद्रानुसार कितनी हो, अपराजित, दीपार्णव आदि देव वास्तुशास्त्रों के आधार पर सूत्रधार मण्डन ने कहा है कि उरुशृङ्गों की संख्या प्रत्येक भद्र में एक से नौ तक हो सकती है। सबसे बड़ा उरुशृङ्ग शिखर की कितनी ऊंचाई तक रखा जाए, इसका भी नियम होता है। शिखर के उदय के 13-13 भाग करके नीचे से सात भाग तक पहला छातिया शृङ्ग बनाया जाता है अर्थात् शिखर की ऊंचाई के सात भाग पहले उरुशृङ्ग के नीचे छिप जाते हैं। अब इस उरुशृङ्ग पर दूसरा उरुशृङ्ग बिठाना हो तो फिर इसकी ऊंचाई के तेरह भाग करके सात भाग तक के उदय तक दूसरा शृङ्ग बनाया जाता है। इस प्रकार जिस शिखर में नव उरुशृङ्ग रखने हो, उसकी ऊंचाई सोच विचार कर उसी अनुपात में निश्चित करनी होगी।

इसी प्रकार शिखर में गोलाई लाने या ढलान देने के लिए आवश्यक है कि यदि उसके मूल में दस भाग हो तो अग्रस्थान या सिरे पर छह भाग का अनुपात रखना चाहिए। इस अनुपात से शिखर सुहावना प्रतीत होता है। गर्भ की मूल रेखा या चौड़ाई

से शिखर का उदय सवाया रखा जाता है। शिखर के वलण अर्थात् नमन की युक्ति साधन के लिए उसके उदय भाग में और स्कन्ध में क्रमशः रेखाओं और कलाओं की सूक्ष्म गणना स्थपति सम्प्रदाय में प्रचलित है। उस विषय का संक्षिप्त संकेत मण्डन ने किया है। रेखाओं और कलाओं का यह विषय अपराजितपृच्छा *(अध्याय 139-41)* में भी आया है। खेद है कि यह विषय अभी तक स्पष्ट न होने से इस पर अधिक प्रकाश डालना सम्भव नहीं है। *(उपर्युक्त पृष्ठ 26)*

इस सन्दर्भ में मण्डन का कथन है कि खर शिला से कलश तक बीस भाग करके आठ या साढे आठ या नौ भाग में मण्डोवर की ऊंचाई और शेखर का उदय रखा जाता है। शिखर के गुम्मटनुमा उठान का पद्मकोश कहा जाता है। पद्मकोश की आकृति लाने के लिए मण्डन ने अति संक्षिप्त रीति से एक युक्ति कही है- चतुर्गुणेन सूत्रेण सपादः शिखरोदयः। इसके अनुसार शिखर की मूल रेखा से चौगुणा सूत्र लेकर यदि नए प्राप्त दोनों बिन्दुओं को केंद्र मानकर गोल रेखाएँ खींची जाएं तो जहां वे एक दूसरी को काटती हो तो वह शिखर का अन्तिम बिन्दु हुआ। शिखर की मूल रेखा से उसकी सवाई जितनी ऊंचाई तक एक रेखा खींची जाए तो वह शिखर का स्कन्ध स्थान होगा। इस स्कन्ध और पद्मकोश के अन्तिम बिन्दु तक की ऊंचाई के सात भाग करके एक भाग में ग्रीवा, डेढ़ भाग में आमलक शिला, डेढ़ भाग में पद्मपत्र, जिन्हें आजकल लीलोफर कहते हैं, और तीन भाग में कलश का मान रहेगा। *(उपर्युक्त)*

शिखर में शुकनास का भी महत्वपूर्ण स्थान है। शुकनास की ऊंचाई के पाँच विकल्प कहे गए हैं अर्थात् छज्जे से स्कन्ध तक के उदय के 21 भागों में बांटा जाए तो नौ, दस, ग्यारह, बारह, तेरह अंशों तक कहीं भी शुकनास का उच्छ्रय किया जा सकता है। शुकनासिका के उदय के पुनः नव भाग करके एक, तीन, पाँच, सात या नव भागों में झम्पासिंह रखना चाहिए। शुकनासा प्रासाद या देव मन्दिर की नासिका के समान हैं। शिखर में शुकनासिका का निकला खाता नीचे के अन्तराल मण्डप के अनुसार बनाया जाता है। अन्तराल मण्डप को कपिली या कौली मण्डप भी कहते हैं। अन्तराल मण्डप की गहराई छह प्रकार की बताई गई है।

शिखर की रचना में शृङ्ग, उरुशृङ्ग, प्रत्यङ्ग और अण्डकों का महत्वपूर्ण स्थान हैं एवं भिन्न-भिन्न के शिखरों के लिए उनकी गणना अलग-अलग की जाती है। इसी प्रकार तघङ्ग, तिलक और सिंहकर्ण ये भी प्रकारान्तर के अलङ्करण हैं जिन्हें प्रासाद के शिखर का भूषण कहा जाता है और इनकी रचना भी शिखर को विभिन्नता प्रदान करती

है। मण्डन के अनुसार प्रासाद के शिखर पर एक हिरण्यमय प्रासाद पुरुष कीस्थापना की जाती है। कलश, दण्ड और ध्वजारोपण के सम्बन्ध में भी मण्डन ने संक्षिप्त वर्णन किया है। *(उपर्युक्त)*

प्रसादमण्डनम् की तरह ही अपराजितपृच्छादि देव-स्थापत्य विषयक शास्त्रों में शिखरों की रचना, उनके मुख्य अङ्ग या भागाङ्गों के मान, स्थान, निर्माण, गणित, ज्यामितीय सिद्धान्त आदि का वर्णन किया गया है। निश्चय ही यह रोचक विषय रहा है जिसमें जहां दर्शनीय सुन्दरता का तत्व निहित है, वहीं निर्माण की जटिलता और इस जटिलता को हल करने के लिए सैद्धान्तिक विचार भी मिलता है। वस्तुतः शिखर की यह जटिलता मानवीय स्नायुतन्त्र के मुकाबले की है जिसे समझना और व्यवहार्य रूप देना विशेष परिश्रम, अभ्यास के बूते ही सम्भव है।

# कलानिधि : रचना व प्रतिपाद्य

सूत्रधार गोविन्द कृत 'कलानिधि' मुख्य रूप से प्रासाद अथवा मन्दिर स्थापत्य कार्य के अंतर्गत शिखर की संरचना से सम्बन्धित बहु निर्देश ग्रन्थ है। इस विषय पर सूत्रधार मण्डन द्वारा 'प्रासादमण्डनम्' जैसे प्रतिष्ठापूर्ण ग्रन्थ की रचना के बावजूद गोविन्द ने कलानिधि की रचना की, इसका कारण सम्भवत: यही रहा है कि प्रासादमण्डनम् में शिखर विधान पर अपेक्षाकृत न्यून निर्देश ही उपलब्ध होते हैं। फिर, यह भी विचारणीय है कि महाराणा कुम्भा के अनन्तर, रायमल के काल में हिन्दू, जैन मन्दिरों पर शिखर विशेष मान, गणित-मपितादि के साथ बनाए जाने लगे थे। इस काल के एकलिङ्गजी, चित्तौड़गढ़ के कुम्भश्याम प्रासाद के अहाते में स्थित सम्प्रति मीरामन्दिर, अद्भुतजी प्रासाद, अन्नपूर्णा व बाणमाता मन्दिर, कुकड़ेश्वर मन्दिर, शृङ्गारचंवरी तथा जावर के पञ्चायतन मन्दिर, कुम्भलगढ़, देलवाड़ा-देवकुलपाटन, रणकपुर-मारवाड़ नारलाई-नाडोल तथा आबू पर्वत के देवालयों में यह विशिष्टता देखी और तलाशी जा सकती है।

यही नहीं, स्वयं मण्डन ने भी कहा था कि देव स्थापत्य विशिष्ट कार्य है तथा अकेला मणि जिस प्रकार अधिक गुणवाला होने पर भी इतनी शोभा नहीं देता जितनी सुवर्णादि अन्य पदार्थों के साथ मिलाने पर देता है, इसी प्रकार शिल्प के अन्य अनेक शास्त्र देखने पदार्थ की सिद्धि होती है-

एकेन शास्त्रेण गुणाधिकेन विना द्वितीयेन पदार्थसिद्धिः।

तत् स्मात् प्रकारान्तरो विलोक्यं मणिर्गुणाढ्योऽपि सहायकाङ्क्षी॥

*(प्रासादमण्डनम् 8, 15)*

इस प्रकार गोविन्द ने प्रासाद के सुन्दर शिखर, चन्द्रकलादि रेखा, शृङ्ग, उरुशृङ्ग, रथ, प्रतिरथ, तिलक, आमलक, ग्रीवा, शुकनासिका, कपोतावली, ध्वज, दण्ड, सुवर्णपुरुष जैसे पूर्ववर्णित शिखरोपयोगी नाना शृङ्गारावयवों के निमित्त विशेष रूप से पूर्व सूरियों के रूप में अन्य शास्त्रों का अवलोकन, मन्थन किया और उक्त सामग्री के आधार पर ही 'कलानिधि' का प्रणयन किया। शिखर संरचना की दृष्टि से, प्रासादस्थापत्य विषयक

ग्रन्थों की कोटि में कदाचित यह एक मात्र स्वतन्त्र ग्रन्थ कहा जाना चाहिए।

इसमें अध्यायानुसार निम्न विषय है-

*1.प्रासाद के ऊर्ध्वमान का निर्णय-*

मन्दिरों में ऊंचाई के सन्दर्भ में शास्त्रकारों ने अपने मत दिए हैं। अपराजितकार ने प्रासादों की उत्पत्ति के साथ ही विविध कोटियों के प्रासादों का वर्णन किया है। त्रैलोक्यदीक्षा नामक सूत्र में अपराजित के निम्न प्रश्न पर विश्वकर्मा ने प्रासादों की संरचना प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया है-

प्रासादानां कथं तात चोत्पत्तिर्दिव्यसूत्रिणः।

किमाकारजातिरूपा नागराश्छन्दकास्तथा॥

द्राविडा मिश्रकाः ख्याता विमाना भूमिजास्तथा।

सान्धारश्च वराटश्च लतिनाश्चैवकामदा॥

वलभ्यः फांसनाकाराः सिंहालोकनदारुजाः।

विमानं नागरश्छन्दे कुर्याद विमानपुष्पकम्॥ *(सूत्र 103, 1-3)*

इनकी की ऊंचाई के लिए कहा गया है कि तल-छन्द के विभाजनपूर्वक इनका ऊर्ध्वमान रखा जाना चाहिए। सूत्रधार गोविन्द ने 'अपराजितपृच्छा' के 138वें 'प्रासादस्योर्ध्वमाननिर्णय' संज्ञक सूत्र को यथानुरूप 'कलानिधि' के प्रथम प्रकाश के रूप में उपन्यस्त किया है। अपराजितपृच्छा के प्रकाशित पाठ में कुल साढ़े 29 श्लोकों में यह सूत्र लिखा गया है और कलानिधि में मङ्गलाचरण तथा प्रवर्तनपाठ को मिलाकर कुछ 30 श्लोक होते हैं।

प्रथम प्रकाश में स्पष्ट किया गया है कि प्रासाद के तल-छन्द के मान का विभाजन कर जो अर्धांश प्राप्त हो, उसके बराबर शिखर का मान रखना चाहिए। इसी प्रकार शिखर शुक के अग्र सूत्र के उदय के अनुसार मण्डप करें। प्रासाद में शुक, मण्डप के आगे चतुष्किका, जगती, उत्तानपट्ट, शाला, परित भी क्रमानुसार बनाना चाहिए-

प्रासादाग्रे शुकोयद्वन्मण्डपाग्रे चतुष्किका।

जगत्युत्तानपट्टं च शालाद्याः परितः क्रमे॥ *(कलानिधि 1, 5)*

इसी प्रकाश दोषादि पर भी विचार किया गया है कि यदि जगती को शाला व मण्डप की छाया लोपती हो तो दोषकारक है किंतु प्रासाद की छाया मण्डप को लोपती-

हो तो दोषकारक नहीं हैं-

जगत्यां लोपयेच्छायां शालायामपि मण्डपं।

मण्डपे नैव प्रासादो ग्रस्तः स्यदोषकारकः॥ *(उपर्युक्त 1, 6)*

प्रासाद की ऊर्ध्व रचना में गुणग्रहण पर जोर दिया गया है तथा इस ज्ञान के जानकारों को शास्त्रप्रवीण माना गया है और निर्देश है कि निरन्धार सहित सभी नागर, मिश्रक, विमान, नागरछन्द, विमान पुष्पक में भी इनका ध्यान रखा जाए। इसमें मर्मवेध को भी महत्व दिया गया है तथा कहा है कि भित्ति की मोटाई के मानानुसार निर्धारित शृङ्गों का आरोहण करें और यदि गर्भ के मध्य रेखा का वेध होता है तो वह मर्मवेध कहा जाता है-

यन्मानं भित्तिःपृथुत्वे तच्छृङ्गक्रमूर्ध्वतः।

गर्भमध्ये यदा रेखा महामर्म क्षयावहा।

एक-द्वि-त्रिक्रमाणिस्यु भित्तिमध्ये यथोत्तरम्।

अधिकानि न कुर्वीत पीडिते च कुलक्षयः॥ *(उपर्युक्त 1, 8-9)*

शिखर के सम्बन्ध में मण्डन का निर्देश है कि शिखर के नीचे के दोनों कोने के विस्तार को दस भागों में विभाजित करें। इनमें से शिखर के स्कन्ध का विस्तार छह भाग रखें, इसका न्यूनाधिक रखना क्रमशः दोषकारक व अशोभनीय होता है-

रेखामूले च दिग्भागं कुर्यादग्रे षडंशकम्।

षड्बाह्ये दोषदं प्रोक्तं पञ्चमध्ये न शोभनम्॥ *(प्रासादमण्डनम् 4, 12)*

इस सम्बन्ध में विश्वकर्मीय ज्ञानरत्नकोश का मत विचारणीय है कि प्रासाद के समचोसर क्षेत्र का दस भाग करें, इनमें से दो-दो भाग के दो कोण, तीन भाग का भद्र और डेढ़-डेढ़ भाग के दो प्रतिकर्ण बनाएं। शिखर विस्तार से ऊंचाई में सवाया रखें तथा उसका स्कन्ध छह भाग विस्तारयुक्त करें। इसके नौ भाग करें व चार भाग के दोनों कोण, तीन भाग के दोनों प्रतिकर्ण व दो भाग का भद्र बनाएं-

चतुरस्त्रीकृते क्षेत्रे दशधा प्रतिभाजिते।

द्वौ-द्वौ भागौ तु कर्तव्यो कोणे-कोणे न संशयः॥

भद्रं भागत्रयं कार्यं सार्धभागं तु चानुगम्।

व्यासमानं सपादं च उच्छ्र्येण तु कारयेत् ॥

स्कन्धं षडभागिकं कार्यं तस्योर्ध्वं नवधा भवेत् ।

चतुर्भागायतं कोणं त्रिभिर्भागैस्तु चानुगम् ॥

भद्रपूर्णं तु द्विभिर्भागैस्ततस्तु साधयेत् कलाम् ॥

इसके बाद कला रेखा का निर्धारण किया जाना चाहिए। इसके लिए एक ओर के कोने का दो भाग करें। इसमें से प्रथमभाग का चार व द्वितीय भाग का तीन भाग करने से सात कला रेखा होती है। इसी प्रकार दूसरी ओर के कोण की भी सात ही कला रेखा होती है, कुल चौदह कला रेखाओं में दोनों प्रतिकर्ण की दो कला रेखा संयुक्त किए जाने से सोलह कला रेखाएँ होती है। इनके उदय में सोलह-सोलह भाग किए जाने से कुल 256 कला रेखाएँ होती हैं-

आदिकोणं द्विधा कृत्य प्रथमं वेदभाजितम्।

द्वितीयं तु त्रिभिर्भागैरेवं सप्तकला भवेत् ॥

उदयं द्व्यष्टभिर्भागैः कृत्वा रेखां समालिखेत्।

उर्ध्वतिर्यग् भागानां भागे भागे तु लाञ्छयेत् ॥

एवं तु सिध्यते रेखा भद्रे कोणे तथानुगे ॥

गोविन्द ने इस प्रकाश में सांधारादि प्रसाद के शिखर के लिए इसी प्रकार का मत अपराजित से उद्धृत किया है। इसके लिए शृङ्ग, उरुशृङ्ग, प्रत्यङ्ग, कर्ण, तवङ्ग, तिलकादि प्रासाद-भूषणादि निर्माण के नियम भी दिए हैं। इनमें से एक के ऊपर एक, दो अथवा तीन अनुक्रम से चढ़ाना चाहिए। निरन्धार या प्रकाश वाले प्रासाद की मुख्य भित्ति पर व सान्धार या परिक्रमा वाले प्रासाद में परिक्रमा की भित्ति पर शृङ्गों का क्रम रखना चाहिए। प्रासाद के भद्र के ऊपर एक से नौ तक उरुशृङ्गों का आरोहण किया जाता है। शिखर के उदय के तेरह भाग कर सात भाग के मान का उरुशृङ्ग बनाने का निर्देश है। इसी प्रकार द्वितीय उरुशृङ्ग के लिए प्रथम उरुशृङ्ग के तेरह भाग करें व सातवें भाग के मान का बनाएं। इसी प्रकार ऊपर के अन्य उरुशृङ्गों को तेरह भाग में से सात भाग के मान से निर्माण करने का नियम निर्धारित किया गया है।

शुकनासिका के सम्बन्ध में नियम यह है कि छज्जे से शिखर पर्यन्त उदय के इक्कीस भाग करें, इसमें से नवें, दसवें, ग्यारहवें, बारहवें या तेरहवें भाग तक शुकनासिका

का उदय रखना चाहिए। इस प्रकार शुकनासिका का उदय पाँच प्रकार का है। इसमें से शुकनासिका का जो उदय रखा गया हो, उसका नौ भाग करें। इसमें से एक, तीन, पाँच, सात या नौ भाग में से किसी भाग में सिंह स्थान को परिकल्पित किया जा सकता है।

देवालयों में गर्भगृह के द्वार के ऊपर दाहिने व वाम भाग में छह प्रकार की कपिली या कोली का निर्माण किया जाता है। इसकी ऊंचाई में शुकनासिका रखनी चाहिए। यह प्रासाद की नासिका कही गई है। देवालय के विस्तार का दस भाग करें तथा उसमें से दो, तीन या चार भाग की और देवालय के मान से आधे, चौथे या तीसरे भाग के मान की- इस प्रकार छह प्रकार की कोली बनाने का निर्देश दिया गया है। छहों कपिलियों या कोलियों के नाम हैं- अञ्चिता, कुञ्चिता, शस्या, मध्यस्था, भ्रमा और सभ्रमा। इसका लक्षणानुसार नियम यह है कि प्रासाद के विस्तार के दस भाग में से दो भाग की कोली को अञ्चिता कहा जाता है। तीन भाग वाली कुञ्चिता, चार भाग वाली शस्या, प्रासाद के विस्तार के चौथे भाग वाली मध्यस्था, तीसरे भाग वाली भ्रमा तथा आधे भाग वाली कोली सभ्रमा कही जाती है।

इसके साथ ही मण्डोवर के लिए ज्येष्ठ, मध्यम व कनिष्ठमान की मान्यता भी है, जिसे योग्य वास्तुविद् जानते हैं। गोविन्द का कथन है कि खरशिला से लेकर कलश पर्यन्त तक के उदय के बीस भाग करें। इनमें से आठ, साढ़े आठ अथवा नौ भाग का मण्डोवर का उदय रखा जाना चाहिए- यही मान क्रमशः ज्येष्ठ, मध्यम व कनिष्ठ कहा गया है-

मूलशिलातः उदये प्रासादे कलशान्तके।

भागे विभक्ते विंशत्यां अधऊर्ध्व प्रकल्पयेत्॥

अष्टभागोदयोज्येष्ठ सार्ध अष्टौ च मध्यमः।

कन्यसे नवभागैस्त्रिधा मण्डोवरो मतः॥ *(कलानिधि 1, 28-29)*

इसमें जो शेष बचें, उतने उदय का शिखर निर्माण किया जाना चाहिए, यही मत मण्डन का भी है-

विंशद्भिर्विजयेद् भागैः शिलातः कलशान्तकम्।

मण्डोवरोऽष्टसार्धष्ट नवांशैः शिखरं परम्॥ *(प्रासादमण्डनम् 4, 22)*

*2. रेखार्णव निर्णय-*

कलानिधि का द्वितीय प्रकाश भी 'अपराजितपृच्छा' से उद्धृत है। अपराजितकार

ने रेखानिर्णय संज्ञा से जिस 139वें सूत्र को लिखा है, वह गोविन्द के द्वितीय प्रकाश के रूप में उपन्यस्त किया गया है। अपराजितकार ने कुल 42 श्लोकों में इस सूत्र को लिखा है जबकि कलानिधि में श्लोक 34 ही मिलते हैं।

इस प्रकाश में रेखा भेद को कहा गया है और उनकी पृथक्-पृथक् विधि को बताया गया है। शिखर के लिए निर्दिष्ट सभी कलादि सोलह रेखाओं से समुत्पन्न होती है। ये तीन खण्ड से लेकर अठारह खण्ड तक की होती है जिनसे सोलह समचारा कलादि रेखाएँ परिकीर्तित होती है-

सर्वा कलाः समुत्पन्ना रेखाः षोडशकीर्तिताः।
त्रिखण्डादौ खण्डवृद्ध्या खण्डान्यष्टादशावधि।
समाचाराः षोडशैव पृथक् जाता कलोन्मिता॥ *(कलानिधि 2, 1-2)*

रेखार्णव के सम्बन्ध में यहां कहा गया है कि शिखर के उदय में अठारह तथा तिरछी सोलह रेखा होती है। यदि ऐसा चक्र बनाएं तो उनकी संख्या 256 हो जाती है। त्रिखण्ड से लेकर एक-एक खण्ड बढ़ाते हुए 18 खण्ड तक बढ़ाते जाएं तो प्रथम प्रत्येक खण्ड में समचार की आठ-आठ कला रेखाएं होती है, ऐसे सोलह चार कहे गए हैं। द्वितीय सपादचार की त्रिखण्डा कला रेखा के सम्बन्ध में कहा गया है कि पहले खण्ड में आठ, दूसरे में नौ व तीसरे खण्ड में दस कला रेखा बनानी चाहिए। इस तरह शेष चार में भी क्रमानुसार रेखाएँ बनाई जाती है। तीसरे सार्धचार के सम्बन्ध में निर्देश है कि प्रथम खण्ड में आठ, दूसरे में दस व तीसरे खण्ड में बाहर कला रेखा का निर्माण करना चाहिए। इसी क्रम से अन्य चारों के कोष्ठकों को भी अंक-पूरित किया जाना चाहिए।

इन सोलह कला रेखाओं के नाम हैं- शशिनी, शांतिनी, लक्ष्मिणी, कामिनी, पुष्पिका, शुभा, शान्ता, आह्लादा, कुमुदा, शाश्वता, शान्तिकी, विद्याशोधनिका, नाहानी, द्वीपिनी, सौम्या, रम्या। त्रिखण्डादि खण्डों में सोलह कलाचारों के भेदों से इनका उद्भव होता है। सोलह कलाचार इस प्रकार हैं- प्रथम सम या बराबर चार, द्वितीय सपाद या सवाया, तृतीय सार्द्ध या डेढ़ा, चतुर्थ पौने दो गुना, पाँचवां दो गुना, छठा सवा दो गुना, सातवां ढाई गुना, आठवां पौने तीन गुना, नवां तीन गुना, दसवां सवा तीन गुना, ग्याहवां साढ़े तीन गुना, बारहवां पौने चार गुना, तेरहवां चार गुना, चौदहवां सवा चार गुना, पन्द्रहवां साढ़े चार गुना और सोलहवां पौने पाँच गुना।

इस प्रकार सोलह प्रकार के कलाचारों के भेदों से प्रत्येक त्रिखण्डादि में

सोलह-सोलह रेखाएँ निष्पन्न होती है। इनकी कुल संख्या 256 होती है। शिखर के उदय में जितनी कला रेखा निष्पन्न हो, उतनी स्कन्ध में भी निर्मित करनी चाहिए। मण्डन का भी यही निर्देश है- रेखाणां जायते सङ्ख्या षटपञ्चाच्छतद्वयम्। दैर्घ्ये भवन्ति यावन्त्यः कलाः स्कन्धेऽपि तत्समाः॥ *(प्रासादमण्डनम् 4, 21)*

प्रासाद में विविध गोलाइयों को युक्तिपूर्वक संयोजित करने की कला रेखाज्ञान से ही संभव होती है। प्रो. पोपटभाई अम्बाशङ्कर मनकड ने अपराजितपृच्छा की भूमिका में रेखाओं के भेदादि पर पर्याप्त विचार किया है और माना है कि इस संयोजन के अभाव में शिखर युक्तिसंगत नहीं कहा जा सकता है। रेखादि का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है-

**रेखा-** यह शिखर का पार्श्वदृश्य या एकचश्मीय (Profile) अङ्कन है जो शिखर रचना के सिद्धान्त को परिभाषित करने के लिए है।

**कला-** यह अङ्क है, एक भाग या अंश है।

**खण्ड-** एक खण्ड, एक समान ऋजु या वक्रता, शिखर का भाग।

**चार-** रेखाओं के समूह की एक कोटि।

रेखाओं के स्पष्टीकरण के लिए विभिन्न सारणियाँ इस अध्याय के अन्त में दी जा रही हैं, किन्तु उनके नामादि प्रकार यहां प्रस्तुत है—

*3. अष्टादशखण्डीय रेखार्णव निर्णय-*

यह प्रकाश भी अपराजितपृच्छा के आधार पर ही है। भुवनदेव ने शशिनी आदि त्रिखण्डा से अष्टादशखण्डा रेखा का विवरण दिया है। इसके चारों में सोलह चार दिए गए हैं- समचार (1), सपादचार (1।), सार्धचार (1।।), पादोनद्वयचार (1।।।), द्विगुणचार (2), सपादद्विगुण (2।), सार्धद्विगुणा (2।।), पादोनत्रय (2।।।), त्रय (3), पदाधिक (3।), सार्धत्रय (3।।), पादोनचतुष्क (3।।।), चतुर्गुण (4), सपादचतुष्क (4।), सार्धचतुष्क (4।।) तथा पादोनपञ्चक (4।।।)। चार के योग से इनकी संख्या 256 होती है तथा लम्बना सूत्रयोग से ये नागरी व घण्टिका के योग क्रम से विमान या भूमिजा कही जाती है-

चार योगेन जायन्ते षट्पञ्चाच्छतद्वयम्।

कलानां साधनां चारं स्कन्धस्थाने स्फुटी भवेत्॥

लम्बना सूत्रयोगेन भवेद्रेखा तु नागरी ॥

घण्टिकायां क्रमं योगे विमाने भूमिजेऽथवा ॥ *(कलानिधि 3, 3-4)*

कलानिधि के अनुसार इनकी त्रिखण्डा रेखाओं के सोलह नाम हैं- शशिनी, शीतला, सौम्या, शान्ता, मनोरमा, उमा, मनोभवा, वीरा, कुमुदा, पद्मशेखरा, ललिता, लीलावती, त्रिदशा, पूर्णमण्डला, पूर्णभद्रा व भद्राङ्गी। इनमें प्रथम खण्ड में सभी में 8-8 को रखकर द्वितीय व तृतीय खण्ड में कला को 8 से क्रमशः एक-एक (9, 10... 23) तथा दो के क्रम से (10, 12... 38) तक बढ़ाया जाता है। सभी खण्डों में कला संख्यात्मक रूप से 24 से तीन-तीन अंक (27, 30... 69) तक बढ़ती हैं। त्रिखण्डा रेखाएं अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 1 से स्पष्ट होती है।

पूर्वोक्त चारानुसार चतुष्खण्डा सोलह रेखाओं के नाम क्रमशः निम्न होते हैं- शांतिनी, शुभा, शान्ता, त्रिदिवा, देवदुर्लभा, वीभत्सा, शिवा, सौम्या, वीरभद्रा, नारायणी, सुषिरा, शेखरा, रम्या, पूर्णा, पूर्णभद्रिका एवं विजया। प्रथम खण्ड से चार खण्डों तक ये 12 से क्रमशः सवाया क्रम से पौने पाँच तक गुणा होकर 57 संख्या में लब्ध होती है। चतुष्खण्डा रेखाएँ अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 2 से स्पष्ट होती है।

पञ्चखण्डा रेखाओं के सोलह नाम क्रम से इस प्रकार हैं- लक्ष्मिणी, श्री, सम्भवा, विधूरा या विद्विप्रभा, पूर्णमण्डला, सुशीला, मानसी, शैला, नन्दा, मन्दाक्षी या नन्दाक्षी, शैला, कौमुदी, शान्ति, लाभा, कल्याणी, सुभद्रा एवं भद्रेश्वरी। ये एक से पाँच खण्ड तक बढ़ती है तथा 16 के बाद चारों से विभाजित होकर 76 तक खण्डीय होती है। इनका दिग्दर्शन अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 3 से किया जा सकता है।

षट्खण्डा रेखाएँ क्रमशः छह तक बढ़ती हैं और 20 कला प्रथम खण्ड के बाद चार से गुणा होती हुई उत्तरोत्तर 95 तक खण्डीय होती है। इन सोलह रेखाओं के नाम हैं- कामिनी, कमला, पद्मा, सभ्रमा, भ्रमशेखरा, शुभद्रा, सार या शांतिसंभूता, वैदेवी, राजशेखरा, गांधारी, गन्धर्वा, वृत्ता, तिलका, त्रिलोकसुन्दरी, महाभद्रा तथा इन्द्रा। इनको अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 4 से समझा जा सकता है।

सप्तखण्डा रेखाएं सातखण्ड तक होती हैं और प्रथम खण्ड के बाद सातवें खण्ड तक 24 से चारानुसार गुणा करने पर 114 होती है। पहले खण्ड के छोड़कर शेष खण्डों तक क्रमशः एक, दो, तीन, चार, पाँच व छह संख्या के योग से बढ़ती है। चारानुसार इनके नाम हैं- पुष्पिता, पुष्पिका, चम्पा, समहा, कांतिला या तिलका, अद्भुता, सिद्धा,

सिद्धांगी, स्वरूपा, क्रीडामणि, नरनारा, नरेश्वरी, विरूपाक्षा, महोद्भवा, सिद्धासा तथा सर्वमण्डला। इन कला रेखाओं को अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 5 से समझा जा सकता है।

कलानिधि के अनुसार अष्टखण्डा रेखाएँ आठ खण्ड तक होती हैं और 28 कला के अनुसार प्रथम खण्ड को छोड़कर उसमें एक से क्रमशः सात तक का अंतराल जुड़ता जाता है। चारानुसार प्रत्येक कला गुणा होकर 133 तक बढ़ती है। शुभा, शीतला, गन्धा, मालती, हर्म्यसंयुता, मेघा, मेघपदा, अनुजा, कृष्णा, निर्मला, परा, तेजा, प्रतापतेजा, कीर्ति, आनन्दा तथा सम्भृता- ये इनके नाम हैं। यह रेखार्णव अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 6 से स्पष्ट है।

इसी प्रकार नवखण्डा रेखाएँ नौ खण्ड तक होती हैं तथा 32 कला के अनुसार प्रथम खण्ड को छोड़कर उसमें एक से क्रमशः आठ तक का अंतराल जुड़ता जाता है। चारानुसार प्रत्येक कला गुणा होकर 152 तक बढ़ती है। इनके नाम हैं- शान्ता, मुकुला, नन्दा, श्रिया, भद्रा, सम्भवा, शोभना, सुभद्रा, सुता, कुलनन्दिनी, गम्भीरा, मधुरा, शेखरा, शिखरोन्नता, महानीला एवं रत्नाचला। इन कला रेखाओं को अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 7 से स्पष्ट किया जा सकता है।

दसखण्डा रेखाएँ दस खण्ड तक होती हैं और 36 कला के अनुसार प्रथम खण्ड को छोड़कर उसमें एक से क्रमशः नौ तक का अंक जुड़ता जाता है। चारानुसार प्रत्येक कला गुणा होकर 171 तक बढ़ती जाती है। इनके नाम इस प्रकार हैं- आह्लादा, श्रिया, नन्दा, गौमती, नामसुन्दरी, सुभद्रा, भद्रिका, भद्रा, भद्रांगा, भद्रमालिनी, सम्भूता, भूतशरदा, पताका, कीर्तिवर्द्धिनी, माहेंद्री तथा सुन्दरा। यह रेखा खण्ड अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 8 से समझा जा सकता है।

एकादशखण्डा रेखाएँ दस खण्ड तक होती हैं। इनके नाम हैं- कुमुदा, भद्रका, ध्वजा, ध्वजाक्षी, मकरध्वजा, सुपताका, वीरभद्रा, रुपभद्रा, विनायका, वीरा, विक्रमा, रम्या, मन्मथा, देवसुन्दरी, उग्रा तथा कनकेशी या कनकेश्वरी। इनमें 40 कला के अनुसार प्रथम खण्ड को छोड़कर एक से क्रमशः 10 तक का अंतराल जुड़ता जाता है। चारानुसार प्रत्येक कला गुणा होकर 190 तक बढ़ती जाती है। एकादशखण्डा रेखाएं अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 9 से स्पष्ट हो सकती है।

द्वादशखण्डा रेखाएँ अपने नामानुसार बारहखण्ड तक होती हैं और 44 कला के अनुसार प्रथम खण्ड को छोड़कर उसमें एक से क्रमशः 11 तक का अंक जुड़ता जाता

है। चारानुसार प्रत्येक कला गुणा होकर 209 तक बढ़ती जाती है। इन रेखाओं के नाम हैं- शाश्वता (ी?) वरदा, रम्या, सुन्दरा, (आ)मोदा, (आ)मोदिका, शिवा, सर्वलभ्या, विशाला, कुलनायका, शिम्भा, शिवतमा, दिव्या, शिवांगना, विश्वेश्वरी तथा विश्वरूपा। इनको अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 10 से स्पष्ट किया जा सकता है।

त्रयोदशखण्डा रेखाएँ अपने नामानुसार ही तेरहखण्ड तक होती हैं और इनमें 48 कला के अनुसार प्रथम खण्ड को छोड़कर एक से क्रमशः 12 तक का अंक जुड़ता जाता है। चारानुसार प्रत्येक कला गुणा होती है और 228 तक बढ़ती है। इन रेखाओं के नाम हैं- शान्तिकी, विमला, सूर्या, वर्द्ध(मा)ना, विजया, वांछिता या वासना, वंशोद्भवा, वंशभूता, रेखिता, वंशतारा, अधिवास्या, वश्या, माना, शिखोद्भवा, वांस्या, वसंतोद्भवा। इस रेखाचक्र को अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 11 से स्पष्ट किया जा सकता है।

चतुर्दशखण्डा रेखाएँ चौदहखण्ड तक होती हैं। इनमें 52 कला के अनुसार प्रथम खण्ड को छोड़कर एक से क्रमशः 13 तक का अंतराल जुड़ता रहता है। सम आदि चारानुसार प्रत्येक कला गुणा होकर 247 तक क्रमशः बढ़ती है। इनके नाम इस प्रकार दिए गए हैं- विद्याशोधनिका, रम्या, गौरी, हंसी, सरस्वती, सारङ्गी, सौरम्या, शुक्राग्रा, अशोका, शौचकी, कनका, कनाकावती, कन्दर्पी, कन्दर्पाश्विनी, कमला तथा कलहंसी। इन कला रेखाओं को अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 12 से समझा जा सकता है।

इसके बाद पञ्चदशखण्डा रेखाएँ पंद्रहखण्ड तक होती हैं। इनमें 56 कला के अनुसार प्रथम खण्ड को छोड़कर एक से क्रमशः 14 तक का अंतराल जुड़ता जाता है। सम, सपाद आदि चारानुसार प्रत्येक कला गुणा होकर अंत में 266 तक क्रमशः बढ़ती है। अपराजितपृच्छा में इनके नाम नाहिनी, हस्तिनी, कुम्भिका, गजमालिनी, गजी, गजागना, शेखरी, राज्ञी, गजेश्वरी, रत्ना, रत्नगर्भा, माल्या, जया, उग्रतेजा, प्रिया और वक्त्रा दिए हैं जबकि कलानिधि की मातृकाओं में पञ्चदशखण्डा रेखाओं के नाम मन्दिनी, रत्नगर्भा, राज्ञी, गजेश्वरी, शान्ता, मनोज्ञा, नन्दा, द्वीपी, नान्दी, सन्निभा, उदिता, उग्रतेजा, सुभद्रा, नन्दिनी, प्रिया एवं वक्त्रा कहे गए हैं- यह भेद विचारणीय है। अपराजित के आधार पर इनको अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 13 से स्पष्ट किया गया है।

इसके अनन्तर षोडशखण्ड रेखाओं के विषय में कहा गया है जो सोलह खण्डों

तक बढ़ती है। इनमें प्रथम खण्ड में कुल कला 60 होती है जो द्वितीय खण्ड से सोलह खण्ड तक क्रमशः एक-एक बढ़ती हुई 75 तक जाती है। इनको समचारादि से गुणा करने पर कुल लब्धि 285 तक होती है। द्विपिनी, सिंहिनी, सिंही, सिंहरूपा, सिंहोन्नता, सिंहग्रीवा, सिंहा, सिंहाख्या, सिंहेश्वरी, महानादा, नादवती, नादोद्भवा, सिंहांगना, सिद्धा और सकलेश्वरी- इनकी सोलह संज्ञाएं हैं। इनका स्पष्टार्थ चक्र अध्याय के अन्त में क्रम 14 पर है।

कलानिधि में सप्तदशखण्डा रेखाओं के नाम क्रमशः सौम्या, नारायणी, रम्या, नरा, नरोत्तमा, नरेश्वरी, नराज्ञा, नरांगना, नृत्येश्वरी, वीरवती, वीरांगना, महावीरा, वीरनायका, वीभत्सा, सती और शान्ता बताए गए हैं। प्रथम खण्ड में इनकी कला संख्या की गणना 64 से करते हुए सत्रह खण्ड तक गणना की जाती है, इसके बाद एक-एक अंक बढ़ाते हुए 16 तक बढ़ती है। चारानुसार गणना करने पर कुल अंक 304 प्राप्त होते हैं। अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 15 से इनका स्पष्ट ज्ञान होता है।

अष्टादशखण्ड रेखा में कुल खण्ड 18 होते हैं। कला की गणना 68 से आरम्भ होकर 323 तक बढ़ती है जो चारों से गणना करने पर प्राप्त होती है। चारानुसार ही इसकी रेखाओं के रम्या, रम्येश्वरी, गङ्गा, ककुदा या कुमुदा, कुमुदशेखरी, वीभत्सा, पार्थिवा, कान्ता, मनोहरी, स्वरूपा, विक्रमा, शान्ता, मनोज्ञा, सर्वतोमुखी, यज्ञभद्रा और सुखासीना- ये सोलह नाम बताए गए हैं तथा अठारह कलांश बताए गए हैं।

चारानुसार इनका आकार एक से पौने पाँच तक माना गया है। अर्थात् 68 को क्रमशः एक, सवा, डेढ़, पौने दो, दो, सवा दो, ढाई, पौने तीन, तीन, सवा तीन, साढ़े तीन, पौने चार, चार, सवा चार, साढ़े चार तथा पौने पाँच से गुणा किए जाने पर क्रमशः 68, 85, 102, 119, 136, 153, 170, 187, 204, 221, 238, 255, 272, 289, 306 और 323 की लब्धि होती है। इनको अध्याय के अन्त में दिए गए चक्र संख्या 16 से समझा जा सकता है।

इस प्रकार तीसरे प्रकाश में त्रिखण्डा से अष्टादशखण्ड तक रेखाओं का विवरण दिया गया है। देवालयों में स्कन्ध स्थान से रेखाओं के प्रयोग की परम्परा इस विवरण से स्पष्टतः समझी जा सकती है। शिखर की श्रेष्ठता के लिए गोविन्द का यह विवरण निश्चय ही उपादेय है, उसके काल में तो इन नियमों का पालन हुआ ही, परवर्ती काल में भी उक्त नियम अनुकरणीय रहे।

*4. रेखाभेद स्कन्धोदय व कलाभेद–*

कलानिधि का चौथा प्रकाश पुनः अपराजितपृच्छा से लिया गया है। इसमें रेखाओं के भेद, स्कन्धभेद व कलाभेद पर प्रकाश डाला गया है। उदयभेदोद्भव रेखा के विषय में कहा गया है कि मूल रेखा के विस्तार से शिखर का उदय सवा रखें। सवा भाग शिखर में दोनों कोने के मध्य पच्चीस रेखाएं होती हैं। सवाया उदय वाले शिखर के दोनों कोने के मध्य पच्चीस रेखाएं उदय में होती हैं। कला के भेद से ये शिखर के नमन में शोभना, भद्रा, सुरूपा, सुमनोरमा, सुता, शान्ता, कौबेरी, सरस्वती, कौला, करवीरा, कुमुदा, पद्मिनी, कनका, विकटा, रम्या, रमणी, वसुन्धरा, हंसी, विशाखा, नन्दिनी, जया, विजया, सुमुखा, प्रियाननादि पच्चीस रेखाएँ होती हैं–

सव्यासं शिखरं कार्यं सकलाः शिखरोदयः।

व्यासस्य कर्णयोर्मध्ये सङ्ख्यायाः पञ्चविंशति॥ *(कलानिधि 4, 1)*

यही मत सूत्रधार मण्डन का भी है– सपादं शिखरं कार्यं सकर्णं शिखरोदयम्। सपादकर्णयोर्मध्ये रेखाः स्युः पञ्चविंशतिः॥ सपादकर्णयोर्मध्ये उदये पञ्चविंशतिः प्रोक्ता रेखाः कलाभेदैर्वलणे पञ्चविंशतिः॥ *(प्रासादमण्डनम् 4, 13-14)*

इसके बाद कलाभेदोद्भव रेखाओं की जानकारी दी गई है। इनके लिए शिखर के उदय का पाँच से लेकर उनतीस खण्ड किए जाने चाहिए। उन खण्डों में अनुक्रम से एक-एक कला उदय में बढ़ाते जाएं। यथा– प्रथम पाँच खण्डों में एक से पाँच कला, छठें में छह और सातवें में सात– इसी भांति उनतीसवें खण्ड में उनतीस कला होती है। उदय में जितनी कला हो, उतनी कला संख्या स्कन्ध में भी रखनी चाहिए–

पञ्चखण्डादि खण्डवृद्ध्यावदेकोनत्रिंशति।

खण्डचारे कलाज्ञेया अङ्कवृद्धि क्रमेश च॥ *(कलानिधि 4, 6)*

पञ्चखण्डीय कला रेखाओं की संख्या पन्द्रह मानी गई है तथा उनतीस, पैंतीस व एक सौ चार तक भी गणना की जाती है–

पञ्चखण्डे कला चैव सङ्ख्यया दशपञ्च च।

एकोनत्रिंशे पञ्चत्रिंशदूत्तरम् चतुःशतम्॥ *(वही 4, 7)*

इन रेखाओं के नाम हैं– चन्द्रकल्पा (चंद्रकला?), कलावती, कलधौता, रुधिरा, नलिनी, मालिनी, कमला, दुन्दुभि, वनवेल्लिका, रत्नतूला, वृंदारका, त्रिशिखा,

नन्दा, कौमोदिनी, चक्रा, शुचिशाल, भ्राम्या, चलिता, मृगाक्षी, द्वीपिन्या, शशिकौमुदी, मंजरी, पूर्णमाहेंद्री, पताका, त्रैलोक्यमोहिनी, विजया। नाना भेदों वाली इन रेखाओं को सर्व कालफलप्रदायिनी कहा गया है।

इस सम्बन्ध में मण्डन का मत है कि प्रथम समचार की त्रिखण्डों में आठ-आठ कला रेखा होती है, बाद में आगे के हर खण्ड में चार-चार कला बढ़ाने से अठारहवें खण्ड में अड़सठ कला रेखा हो जाती है। उदय में जितनी कला रेखा हो, उतनी ही स्कन्ध में बढ़ानी चाहिए। कम होने पर शिखर सौंदर्यहीन हो जाता है- अष्टादावष्टपर्यंतं चतुर्वृद्ध्या च षोडश। दैर्घ्यतुल्याः कलाः स्कन्धे एकहीनांशोऽशोभनम्॥ *(प्रासादमण्डनम् 4, 16)*

*5. रेखा कुण्डलियां-*

कलानिधि का पाँचवा प्रकाश 'रेखाकुण्डलिया' किसी 'विवेककल्पलता' नामक ग्रन्थ से उद्धृत किया गया है। यह ग्रन्थ निश्चय ही तत्कालीन वास्तुकलाविदों के बीच लोकप्रिय नहीं तो विशेष ज्ञान रखने वालों के बीच समादरणीय अवश्य रहा होगा।

'विवेककल्पलता' नामक ग्रन्थ के विषय में गोविन्द ने यह संकेत दिया है कि इसका प्रणयन स्वयं विश्वकर्मा ने किया था। विश्वकर्मा प्रणीत् ग्रन्थों में यह ग्रन्थ अब तक अनुपलब्ध है। यद्यपि विश्वकर्माकथित जयपृच्छा, क्षीरार्णव अथवा नारदपृच्छा, ज्ञानप्रकाशदीपार्णव, वृक्षार्णवादि ग्रन्थों में देव स्थापत्य विषयक मत मिलते हैं। विश्वकर्मीय ज्ञानप्रकाश दीपार्णव में नवें अध्याय में शिखरविधान पर विमर्श है किंतु गोविन्द का स्पष्ट संकेत है कि विवेककल्पलता में अध्यायों का नामकरण 'स्तबक' अभिधान से किया गया है और उसमें आठवें स्तबक में प्रतानरेखादि की जानकारी है, जिसे उसने उद्धृत किया है-श्रीः प्रासाद रेखा कुण्डल्यो विश्वकर्म मताश्रिताः। विवेककल्पलतायां अष्टमे प्रताने रेखा स्तबकः॥ *(5, 44)*

इस प्रकार गोविन्द ने एक अज्ञात देवशिल्पविषयक वास्तुग्रन्थ का संकेत दिया है। मेरे यह देखने में नहीं आया न ही शताधिक वास्तु व शिल्पकला विषयक जानकारी देने वाले किसी ग्रन्थ, शोधप्रबंधों और सूचीपत्रों में ही इसका उल्लेख आया है। यह अपराजितपृच्छा के बाद लिखा गया हो तो कोई सन्देह नहीं क्योंकि अपराजितपृच्छा में उक्त प्रकाश में निहित विचार या मत को नहीं दिया गया है। निश्चय ही यह तेरहवीं सदी की रचना होगी जबकि नागर प्रासादादि के शिखरों में विशेष प्रयोग किए जाने लगे थे। सूत्रधार मण्डन, नाथा आदि ने इस ग्रन्थ का उल्लेख नहीं किया है।

इस प्रकाश में जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि उस छन्द का वर्णन है कि जिसमें गोलाई या अन्य समानान्तर रेखाओं से वृत्ताकार रेखाएँ तैयार की जा सकती है। इसमें तीन खण्डीय अठारह रेखाओं का विवरण दिया गया है जिनमें से प्रत्येक के तीन, चार व पाँच खण्डानुसार सोलह भेद होते हैं। रेखाविचार का एक अध्याय क्षीरार्णव में मिलता है किंतु उसका पाठ भ्रष्ट अधिक है। गोविन्द ने इस अध्याय में अंकों के अनुसार क्रमशः 153 व 136 रेखाओं को आठ-आठ के मान से शिखर में प्रयोग करने की युक्ति दर्शाई है तथा कहा है कि पाँच खण्ड से एक एक कला की वृद्धि, उनतीस खण्ड तक की व खण्डचारी अनुक्रम से अंकवृद्धि से करते हुए रेखा का ज्ञान करें। एक, दो तीन, चार, पांच, छह, सात और आठ- इस क्रम के योग से उनतीस तक की वृद्धि करें और पाँच खण्ड की कला दस खण्ड तक करें। इस प्रकार उनतीस खण्ड तक की चार सौ पैंतीस कला भेद की रेखा की साधना करें-

पञ्चखण्डादि खण्डर्ध्यायावदेकोनत्रिंशति।

पञ्चखण्डादि रेखास्तु कला पञ्चदशादितः ॥

एक-द्वि-त्रि-चतुःपञ्चषट्सप्ताष्टदिवर्धनात्।

क्रमेणाङ्कं द्विखण्डाया पञ्चरामचतुः$_{435}$कलाः ॥

कलाभेदाद्भवा एव रेखाः स्युः पञ्चविंशति। *(वही 5, 23-25)*

इसी प्रकाश में ग्रन्थांतर से चार श्लोक लिए गए हैं तथा उदाहरण के रूप में त्रिखण्डा रेखा में शशिनी आदि को समचार में 24 कला से मानकर आगे सपादचार में 27 आदि क्रम से गणना का कहा गया गया है। यह उदाहरण अपराजित के मत से लिया गया है- नामानि तेषां ज्ञानीयादऽपराजितं तंत्रतः। *(कलानिधि 5, 21)* इस प्रकार 256 रेखाओं को अपराजित के मत से व्यवहार्य को कहा गया है।

*6. गुण-दोष रेखा विभक्ति कोश प्रकार-*

कलानिधि के छठे प्रकाश में रेखाओं के गुणदोष एवं विभक्तियों का प्रकार दर्शाया गया है। यह अध्याय विश्वकर्मीय शास्त्र सहित जयपृच्छा, समराङ्गणसूत्रधार, प्रासादमण्डन आदि पर आधारित है। यह पाठ हालांकि अस्पष्ट है किंतु उपर्युक्त ग्रन्थों के आधार पर इसे शोधित करने का प्रयास किया गया है। इसमें शिखर की ऊंचाई को दस भागों में विभाजित कर स्कन्ध भाग पर विभिन्न रचनाएं करने का निर्देश है। शिल्प शास्त्रीय परम्परानुसार मूल शिखर के पायचे के दस भाग कर ऊपर के स्कन्ध पर चतुर्थ

भाग रखना चाहिए, न्यूनाधिक दोषकारक हैं। इन पर शिवक, मनोरथ, बाहुक, वैचित्र्य, गुह्यका, खंजन, विशाल, चारण, पुष्पक, वृंदारक, कौलेय, क्षत्रिय, नाग, कौस्तुभ, वृषभ, अर्बुद, कमठ, कुटिक, गोलक, पुलक, किरीट आदि बनाने को कहा है। यह भी कहा गया है कि चार भाग पर रचनांकन उत्तम, साढ़े तीन पर मध्यम व तीन पर अधम माना गया है।

गोविन्द का मत है कि रेखाओं का ज्ञान बड़ा ही कठिन है, इसे सुगुरु से ही शास्त्रसिद्धि से पाया जा सकता है। जो इसे जानता है वह स्थपति सम्मान्य होता है। इसके फलाफल के सम्बन्ध में कहा गया है कि भग्नकलांश, चिपिटा, स्थूला, ऊंची-नीची, वक्रीय, दुर्गत, गलत माप वाली रेखाओं के अंकन से कुलनाश होता है। स्कन्ध से च्युत रेखा से अकाल मृत्यु होती है। क्षेत्र से चूक हो जाने पर अकाल व शत्रुओं का भय होता है। भग्नकलांश व चिपिटा रेखा नृपभय देती हैं। स्थूला रेखा स्थान का विनाश एवं ऊंची-नीची रेखा महामारी देती है। वक्रीय रेखा राष्ट्र के लोगों को वक्रचारी करती है। इसी प्रकार का विचार क्षीरार्णव के 14वें अध्याय में भी दिया गया है।

जयपृच्छा से जो श्लोक उद्धृत किए गए हैं, वे प्रकाशित पाठ में भ्रष्ट हैं तथापि इसके पाठ के साथ तुलनीय रूप में दिए गए हैं। जयपृच्छा में रेखा विषयक दो अध्याय दिए गए हैं- शिखराधिकारे रेखार्णवे (12) तथा रेखार्णवे (13) और इनमें कई श्लोक अपराजित तथा वृक्षार्णववास्तुशास्त्रम् से उद्धृत हैं। कलानिधि के कुछ श्लोक 13वें और कुछ 12वें अध्याय से उद्धृत किए गए हैं।

शिखराधिकार से उद्धृत श्लोकों में स्पष्ट किया गया है कि रेखा के विस्तार मान के उदय में पाव को मिलाएं, इसके बाद तीन या साढ़े तीन भाग मिलाना चाहिए। अर्थात् तीन, सवा तीन व साढ़े तीन- इस मान से रेखा तीन प्रकार की होती है कनिष्ठ, मध्यम और ज्येष्ठ। उदय के अनुसार शिखर की चार से पाँच सौ हाथ तक यदि गणना करें तो चौबीस भाग का स्कन्ध मान रखना चाहिए। उसका आधा कर उसके भी नौ भाग करें जिसमें से चार भाग पर कोण बनाएं तथा तीन प्रतिरथ बनाएं। दो भाग पर भद्र करें और कला को साधें, पुनः रेखा का विभाजन करें तथा तदनुसार बालपञ्जर बनाएं।

इसे क्षीरार्णव में सान्धार प्रासाद के प्रसंग में स्पष्ट किया गया है शिखर के पायचे के बाइस भाग करें। उसमें रेखा चार भाग की, प्रतिरथ तीन भाग का, दूसरा उपरथ दो भाग और आधा भद्र दो भाग का करना चाहिए। उनके ऊपर स्कन्ध के तेरह भाग करें और तीन भाग की रेखाकर्ण, दो भाग का दूसरा प्रतिरथ, एक भाग का रथ तथा शेष

आधा भद्र आधे भाग का रखें। इस प्रकार कुल तेरह भाग सान्धार प्रासाद के शिखर के स्कन्ध पर होते हैं। शिखर की रेखा के बालपञ्जर के भेद इस प्रकार जानने चाहिए।

गोविन्द के चाचा सूत्रधार नाथा ने वास्तुमञ्जरी में इस सम्बन्ध में कहा है-

रेखामूले तु दिग्भक्ते कोणः कार्योद्विभागकः।

त्र्यंशभद्रं रथः सार्द्ध स्कन्धोर्ध्वे च नवांशके॥

कोणौ युगांशौ भद्रं च द्व्यंशत्र्यशोरथो भवेत्॥ *(वास्तुमञ्जरी 2, 90-91)*

जयपृच्छा ग्रन्थ में बालपञ्जर के निर्माण के लिए कहा गया है-

रेखामान मयाख्यात बालपञ्जरऽत शृणु॥

रेखा विस्तार यन्मानं षड्विंशति पदभजेत्।

कोणं च भाग चत्वारि प्रतिरथ त्रिणिमेव च॥

द्वि-द्विभाग उपरथ भद्रमभाग अष्टकम्।

बालंजरश्च कार्यं चोभयश्च विभिर्भाजितः।

चोदयं त्रयं तु कर्तव्यं शिल्पिनात्वय॥

रेखा त्रयं तु कर्तव्यं पूर्वमानेन शिल्पिना।

स्कन्ध षोडशभिर्भागेः कर्तव्या च सदा बुधे॥ *(जयपृच्छा 12, 23-26)*

गोविन्द ने स्पष्ट किया है कि मान प्रमाण से कम या अधिक स्कन्ध वाला शिखर नहीं बनाना चाहिए। न्यून मान वाला शिखर कुल का नाश, मृत्यु और रोग का कारण बनता है इसलिए सर्व प्रयत्नेन मानानुसार ही शिखर रचना की जानी चाहिए। यदि स्कंध के मूल में ध्वजादण्ड की प्रविष्टि होती है तो उसे स्कन्ध-वेधकारक समझना चाहिए। इससे शिल्पी व स्वामी का नाश होता है। इनमें सन्देह नहीं है। निर्गम को हस्त और अंगुल मानादि के अनुसार ही रखना चाहिए। *(कलानिधि 6, 25-27)*

इसके बाद गोविन्द ने अपने पिता मण्डन कृत प्रासादमण्डनम् के श्लोक उद्धृत करते हुए शिखर विधान लिखा है कि मूल रेखा के विस्तार से चार गुणा सूत्र से दोनों कोने के मूल विन्दु से दो गोल बनाएं जिसके दोनों गोल के स्पर्श से कमल के पत्र जैसी आकृति के समान पद्मकोष बन जाता है। उसमें दोनों कोने के मध्य विस्तार से सवाया

शिखर का उदय रखना चाहिए-

रेखामूलस्य विस्तारात् पद्मकोशं समालिखेत्।

चतुर्गुणेन सूत्रेण सपादः शिखरोदयः॥ *(प्रासादमण्डनम् 4, 23)*

पूर्वोक्त मानानुसार सवाया शिखर का उदय करने के बाद जो पद्मकोश का उदय शेष रहता है, उसमें ग्रीवा, आमलसार और कलश बनाना चाहिए। यथा- शिखर के स्कंध से लेकर पद्मकोश के अन्तिम बिन्दु तक के उदय का सात भाग करें, उसमें से एक भाग की ग्रीवा, डेढ़ भाग का आमलसार, डेढ़ भाग का पद्मच्छत्र या चन्द्रिका और तीन भाग का कलश बनाएं। द्विभाग के विस्तार वाले कलश का बिजोरा बनाना चाहिए। कलश के अण्डा का विस्तार प्रासाद के आठवें भाग का बनाएं।

इसके बाद गोविन्द ने भोजमत को ग्रहण किया तथा मेरु, स्वस्तिक, रुचक, केसरी, नन्दिशाल आदि प्रासादों के शिखर पर पद्मकोश, वेणुकोश, आमलसारिका, कलशादि का प्रमाण दिया है। इस उद्धरण में गोविन्द ने यह महत्वपूर्ण जानकारी दी है कि अपराजित का उपस्कारक ग्रन्थ भोज प्रणीत समरांगणसूत्रधार भी था। संभवतः गोविन्द के संग्रह में ऐसी कोई संकेतित प्रतिलिपि रही हो।

*7. प्रासादपुरुष निवेश-*

मध्यकालीन शिखर संरचना में प्रासादपुरुष की स्वर्ण मूर्ति बनाकर आमलसार में स्थापित की जाने लगी थी। अपराजितकार सहित क्षीरार्णव, जयपृच्छा, दीपार्णवकार ने प्रासाद पुरुष का स्वरूप वर्णन किया है जो परवर्ती ग्रन्थकारों के लिए ग्राह्य रहा है। नींव शिला में कूर्मादि की प्रतिमा के निवेश के अनन्तर शिखर पर प्रासादपुरुष का निवेश एक प्रकार से सम्पूर्ण पुरुषत्व के आरोपण या स्थापन की अभिकल्पना का द्योतक है।

दसवीं सदी में सम्पादित कहे जाने वाले 'अग्निपुराण' में भी प्रासादपुरुष की कल्पना मिलती है। इसे कलश में स्थापित किया जाता था। प्रासादपुरुष को स्वर्णधातु से तैयार किया जाता था, इसलिए उसका नामाभिधान स्वर्णपुरुष भी मिलता है। इसे पुरुष तत्त्व से युक्त कर पञ्चगव्य तथा कषाय आदि से संस्कारित करने के बाद रुद्र का ध्यान किया जाता और शिवमन्त्र से अभिषिक्त किया जाता, देवता का सामीप्य पाने के लिए हवन, शरीर शुद्धि, स्पर्श, जप के अनन्तर आवाहन, जागरण व प्रकृति पर्यन्त न्यास विधान कर कलश में स्थापित किया जाता था-

सुवर्णाद्युद्भवं यद्वा पुरुषं पुरुषानुगम् ॥

पञ्चगव्यकषायाद्यैः पूर्ववत्संस्कृतं ततः ।

शय्यायां कुम्भमारोप्य ध्यात्वा रुद्रमुमापतिम् ॥

तस्मिंश्च शिवमन्त्रेण व्यापकत्वेन विन्यसेत् ।

संनिधानाय होमं च प्रोक्षण स्पर्शनं जपम् ॥

सान्निध्यबोधनं सर्वं भागत्रयविभागतः ।

विधायैवं प्रकृत्यंते कुम्भे तं विनिवेशयेत् ॥ *(अग्निपुराण 101, 10-13)*

कलानिधि में अपराजितपृच्छा के मत से कहा गया है कि यह स्वर्णपुरुष देवालय का जीव स्थान है, इसलिए उसको देवालय में स्थापना करने का स्थान महत्व है। यह छज्जा के प्रवेश में, शिखर के मध्य अथवा उसके ऊपर, शुकनास के अन्तिम भाग में, वेदी के ऊपर और दो भूमिकाओं के मध्य गर्भ में स्थापित करना चाहिए। यह हृदयवर्णक या जीव विधि कही गई है। इसको ताम्र के पर्यङ्क पर रेशम की शय्या बनाकर शयन करवाएं। प्रासादपुरुष के दायें हाथ में पद्म और बायें हाथ में ध्वजा रखकर उस हाथ को वक्ष पर रखना चाहिए-

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि पुरुषस्य प्रवेशनम् ।

न्यसेद् देवालयेष्वेवं जीवस्थानफलं भवेत् ॥

छादनोपप्रवेशेषु शृङ्गमध्येऽथवोपरि ।

शुकनासावसानेषु वेद्यूर्ध्वे भूमिकान्तरे ॥

मध्यगर्भे विधातव्यो हृदयवर्णको विधिः ।

हंसतुलीं ततो कुर्यात् ताम्रपर्यङ्कसंस्थिताम् ॥ *(कलानिधि 7, ...)*

कलानिधिकार ने प्रासादपुरुष का प्रमाण भी कहा है- एक हाथ से पचास हाथ तक के प्रासाद के लिए आधा-आधा अङ्गुल बढ़ाकर इसे बनाएं। प्रासादपुरुष को स्वर्ण, रजत अथवा ताम्र धातु से बनाएं और जलपूर्ण कलश में स्थापित करें। बाद में उसे पर्यङ्क पर रखें और अपने नाम वाली स्वर्णमुद्रा से पूरित चार कलश पर्यङ्क के चारों पायों के निकट रखें। इस प्रकार स्वर्णपुरुष को स्थापित किए जाने से वह जब तक विद्यमान रहता है, तब तक देवालय के निर्माता को किसी प्रकार का खेद नहीं होता-

प्रमाणं तस्य वक्ष्यामि प्रासादादौ समस्तके।
यावच्छतार्ध हस्तादेः कल्पयेच्च यथाक्रमम्॥
वृद्धिरर्धाङ्गुलाद्धस्ते यावन्नोरुं प्रकल्पयेत्।
एवं विधं प्रकर्त्तव्यं सर्वकामफलप्रदम्॥
हेमजं तारजं वापि ताम्रजं वापि भागशः।
कलशे चाम्बुपूर्णे तु सौवर्णपुरुषं न्यसेत्॥
पर्यङ्कस्य चतुःषत्सु कुम्भाश्चत्वार एव च।
हिरण्यनिधि संयुक्ता आत्ममुद्रारिरङ्किताः॥
एवमारोपयेद् देवं यथोक्तं वास्तुशासने।
तस्य नैव भवेद् दुःखं यावदाभूत सम्प्लवम्॥ *(कलानिधि 7,...)*

प्रासादपुरुष की प्रतिष्ठा विधि भी इसी प्रकाश में दी गई है-

सार्वदैविक्यां हृत्प्रतिष्ठा देशिकोमूर्तियैः सार्धवास्तु पूजा विधाय दिक्पालग्रदेवताः सम्पूज्यमूलमन्त्रेण सहस्रं हुत्वा कुम्भमादाय सर्पि-दधि-मधु-क्षीर-पायसैः पूरयित्वा पञ्चरत्न निक्षिप्यांगुष्टमात्रं सौवर्ण पुरुषं पञ्चकषायोदकेन पञ्चपल्लवोदकेन सर्वोषध्युदकेन स्नापयित्वा कुम्भमध्येतं मूलमन्त्रेण प्रक्षिपेत्। कुम्भमामलसारिकाया अधोवेदिकोपरि स्थापेयत्। तत्पार्श्वे सतूलकगेन्दुकां खड्वा क्षिपेत्। पश्चाद्दत्विग्भिः साधर्माचार्य पूजयेच्छिल्पिन च इति हृदय प्रतिष्ठा।

विष्णुधर्मोत्तरपुराण के तीसरे खण्ड में प्रतिष्ठाकल्प में इस सम्बन्ध में एकाधिक अध्याय लिखे गए हैं। इनमें 95, 96, 97, 98,99, 100 तथा 101वें अध्याय विशेष रूप में ज्ञातव्य है। इसमें कालनिर्णयाध्याय मुहूर्तादि के प्रसंग में विचारणीय है।

*8. प्रासाद में घण्टा व आमलसारिका निर्णय-*

देवालय में घण्टा व आमलसार को जिह्वा और कण्ठ रूप का प्रतिरूप माना गया है। शिखर के स्कन्ध के आमने-सामने के दो प्रतिरथ के समान आमलसार का गोलवृत्त रखने का शास्त्रों में निर्देश मिलता है। कलानिधि में यह अध्याय मुख्यतः अपराजितपृच्छा तथा विश्वकर्माप्रणीत ज्ञानरत्नकोश से उद्धृत किया गया है। मातृका में अन्तिम श्लोक को केवल रत्नकोश के उद्धृत बताया गया है जबकि रत्नकोश जो पांचवीं सदी में लल्लाचार्य द्वारा लिखा गया और हालांकि उसका पाठ आज नहीं मिलता किंतु, उसमें यह पाठ

नहीं रहा होगा, क्योंकि उक्त ग्रन्थ मुहूर्त पर आधारित था। ज्ञानरत्नकोश में यह पाठ मिलता है क्योंकि यह ग्रन्थ देवालय वास्तु पर ही आधारित रहा है।

गोविन्द का मत है कि दो प्रतिरथ के मध्य वृत्त में आमलसार बनाना चाहिए। व्यास को आधा कर उसके उत्सेध को चार अंशों में विभाजित करे। ग्रीवा को दो भाग व मण्डप के दो भाग करें और चंद्रिका को एक भाग में रखकर उसी के अनुसार आमलसार बनाएं-

द्वयोप्ररथयोर्मध्ये वृत्तमामलसारकः ।

व्यासार्धेन तदुत्सेधविभक्ते तु (वि ?) युगांशकै ॥

ग्रीवापादोन भागस्यात् सपादांश मण्डकं ।

चन्द्रिकाचैवभागेन भागेनामलसारिका ॥ *(कलानिधि 8, 1-2)*

नागर प्रासाद हो या लतिन, सांधार हो अथवा मिश्रक उनमें उदय के व्यास के विभाजन से एक भाग के अनुसार बांटे और कण्ठ, ग्रीवा, कपोल, पद्मछत्र, उपछत्र का निर्धारण करें। इसी प्रकार विमानक भूमिज, विमान, नागर पुष्कक आदि में भी आमलसार का मत दिया गया है-

नागरेलतिने कुर्यात्सांधारे चापि मिश्रके ।

व्यासार्धमुदयं कृत्वा विभजेत्यं च भागिकैः ॥

कण्ठोग्रीवाकपोलं च पद्मछत्रोपछत्रकम् ।

विमानेभूमिजेकुर्याद्विमान नागर पुष्पके ॥

इत्थमामलसारः सप्रयुक्तो वास्तुवेदिभिः । *(वही 8, 5-7)*

गोविन्द ने प्रकारान्तर से भी यह मान दिया है। 'जयपृच्छा' में कहा गया है कि शिखर का स्कन्ध छह भाग हो तो आमलसार की चौड़ाई को सात भाग रखें। आमलसार की चौडाई के क्षेत्र के अट्ठाइस भाग करे तथा उसका अर्द्ध, चौदह भाग उसकी ऊंचाई रखनी चाहिए। ग्रीवा तीन भाग, अण्डक पाँच, चन्द्रिका तीन भाग तथा तीन भाग की आमलसार को बनाना चाहिए, इस प्रकार चौदह भाग की रीति कही गई है। निर्गम के सम्बन्ध में कहा गया है कि गर्भ से आमलसार को साढ़े छह भाग और उसमें से ढाई भाग निर्गमित चन्द्रिका रखनी चाहिए और चन्द्रिका से पाँच भाग अण्डक निकलना हुआ रखना चाहिए- इस प्रकार 14+14 कुल 28 भाग आमलसार की

चौड़ाई का मान कहा गया है-

स्कन्ध षटभागिकं ज्ञेयं सप्तभागामलसारक।
क्षेत्राष्टाविंशतिर्भागेः उच्छ्रयेण तदर्धत्॥
ग्रीवा भाग त्रयं कार्यं अण्डकं पञ्चमेव च।
त्रिभागः चन्द्रिकाश्चैव मामलसारी चथैव च॥
निर्गमैः षट् सार्धे च आमलसारी भवेद्बुधः।
चन्द्रिका द्विसार्धे तु अण्डकै पञ्चभ्यमेव च॥ *(जयपृच्छा 12, 40-42)*

यही मान ज्ञानरत्नकोश में मिलता है जिसे गोविन्द ने उद्धृत किया है। इसके अनुसार स्कन्ध का विस्तार छह भाग और आमलसार का विस्तार सात भाग रखें। आमलसार के विस्तार का 28 भाग और ऊंचाई का चौदह भाग करें। उदय में तीन भाग की ग्रीवा, पाँच भाग का अण्डक, तीन भाग की चन्द्रिका और उतना ही, तीन भाग का आमलसार रखें। आमलसार के मध्य गर्भ से विस्तार में साढ़े छह भाग निर्गम हो, ऐसे आमलसार, इसमें ढाई भाग निर्गम चन्द्रिका और उसमें पाँच भाग अण्डक का निर्गम रखना चाहिए-

स्कन्धे षडंशके सप्तभाग आमलसारकाः।
अष्टविंशति भक्ते तु उदयः स्यात्तदर्धतः॥
ग्रीवाभाग त्रयं कार्यं अण्डकं च पञ्चभागिकं।
त्रिभागा चन्द्रिका कार्यामलसारी तथैव च॥
निर्गमे सार्धषड्भागम् कुर्यादामलसारिकाम्।
चन्द्रिका च द्विसार्धांशां अण्डकं पञ्चभागिकम्॥ *(कलानिधि 8, 17-19)*

यह प्रकारान्तर मान है जिसे ज्ञानप्रकाश दीपार्णव में भी लिखा गया है-

स्कन्धः षड्भागको ज्ञेयः सप्तांशामलसारकाः।
क्षेत्रमष्टविंशभागैरुच्छ्रये च तदर्धतः॥
ग्रीवा भागत्रयं कार्या अण्डकः पञ्चभागकः।
त्रिभागा चन्द्रिका चैव तथैवामलसारिका॥
निर्गमे षट्सार्धभागौ भवेदामलसारिका। *(दीपार्णव 9, 63-65)*

घण्टा के सम्बन्ध में गोविन्द ने कहा है कि सिंहावलोकन के साथ ही घण्टा को मन्दार के पुष्प के समान बनाना चाहिए। इस सम्बन्ध में यह कहा गया है कि अर्कपुष्प के समान ही निर्माण करना प्रशस्त होता है-

सिंहावलोकने कुर्याद्घण्टा मन्दारपुष्पवत्।

अर्कपुष्पोपमा शस्ता दारुजा पुष्पकादिषु॥ *(कलानिधि 8, 16)*

विधान के अनुसार शिखर के शुकनास के समान मण्डप की घण्टा को रखना चाहिए किंतु अपराजितपृच्छा के सूत्र 185 में 'शुकनासे समाघण्टा न न्यूना न ततोधिका' कहा गया है किंतु दीपार्णवादि और अपराजित में अन्य स्थल पर 'तदूर्ध्वे न प्रकर्त्तव्यं अध: स्थे नैव दूषयेत्' भी कहा गया है। इससे स्पष्ट होता है कि शुकनास से मण्डप के घण्टा को नीचे रखना चाहिए, इसमें दोष नहीं हैं।

इस सम्बन्ध में प्रसिद्ध स्थपति प्रभाशङ्कर ओघडभाई सोमपुरा ने स्पष्ट किया है कि शुकनास समाघण्टा कहते हैं लेकिन आमलसार मण्डप के ऊपर का नहीं कहा है, इसका कारण तेरहवीं सदी में मण्डप पर गुम्बज नहीं है, लेकिन संवरणा का प्रयोग होता था और सर्वोपरि मूलघण्टा होती, इसलिए घण्टा कहा जाता था। संवरणा पीछे के काल में कम होने लगी, इसी कारण गुम्बज बनाकर चन्द्रिका रख आमलसार पर कलश रखने की परम्परा शुरू हुई। *(क्षीरार्णव पृष्ठ 153 पर पाद टिप्पणी)*

शिल्पियों की मान्यता रही है कि मूलकर्ण या पायचे से शिखर का उदय सवाया करना हो तो उसके विस्तार से चार गुना सूत्र से, डेढ़ा करना हो तो पाँच गुना सूत्र से पौने दुगुना करना हो तो पौने सात गुना सूत्र से और एक तिहाई करना हो तो साढ़े चार गुना सूत्र से मूलकर्ण के दोनों बिन्दु से दो गोल बनाने से पद्म पत्र के समान आकार बन जाता है। इसमें इष्टमान के उदय में शिखर का स्कन्ध और शेष उदय में आमलसार व कलश आदि की संरचना करनी चाहिए। इस प्रकार इस प्रकाश में घण्टा व आमलसार का मान पूर्व निर्धारित मानानुसार और प्रकारान्तर को भी सूत्रधार ने स्पष्ट किया है।

*9. कलश प्रमाण लक्षण-*

इस ग्रन्थ में कलश का प्रमाण आदि अपराजितपृच्छा से लिया गया है। कलश को मन्दिर का मस्तक माना गया है। इसी स्थापना के मूल में सर्वकल्याण का भाव निहित मिलता है। अपराजितकार ने कलशोत्पत्ति का पौराणिक आख्यान भी दिया है

जिसके अनुसार देवों-दानवों द्वारा समुद्रमन्थन के दौरान क्षीरसागर से कलश की उत्पत्ति हुई जो सुन्दर तिलक से युक्त और कामनाओं को पूर्ण करने वाला था इसीलिए उसे प्रासाद के शीर्ष भाग पर स्थापित करने तथा सभी प्रतिष्ठादि कार्यों में स्थापित करने की परम्परा चली-

क्षीरोदार्णवके पूर्वं मथ्यमाने सुरासुरैः।

तत्रोत्पन्न सुतिलकम् कलशः कामरूपिणम् ॥

प्रतिष्ठादिषु सर्वेषु सर्वपुण्य (पुष्य?) महोत्सवे।

संस्थाप्य पुण्यकलशं सर्वविघ्नोपशामकम्॥ *(कलानिधि 9, 2-3)*

यही मत मण्डन ने भी दिया है-

क्षीरार्णवे समुत्पन्नं प्रासादस्याग्रजातकम्।

माङ्गल्येषु च सर्वेषु कलशं स्थापयेद्बुधः॥ *(प्रासादमण्डनम् 4, 36)*

अभिषेक कार्य के समय दिव्य घट को श्रीफल, पल्लवों से युक्त कर स्थापित करना चाहिए। यह कलश सभी पापों से निर्मुक्त करने वाला है और इससे श्रेय की प्राप्ति होती है। क्षीरार्णव से उत्पन्न इस प्रकार के मङ्गल कलश को मन्दिरों, राजाओं के महल, सभी देवताओं के स्थानों सहित लोगों के भवन पर भी स्थापित करना चाहिए, ऐसा विश्वकर्मा का निर्देश भी है-

अभिषिक्तो दिव्यघटैः फलपल्लवसंयुतैः।

सर्वपापविनिमुक्तः श्रियं प्राप्नोति मानवः॥

क्षीरार्णवे समुत्पन्नं प्रासादस्याग्रजातकम्।

प्रासादो देवतानां च नरेंद्राणां च हर्म्यकम्॥

देवागारेषु सर्वेषु नृपाणां भवने तथा।

संस्थाप्यं दिव्यकलशं विश्वकर्मवचो यथा॥ *(कलानिधि 9, 4-6)*

इसके बाद गोविन्द ने कलश के लक्षणों का वर्णन किया है जिसे सूत्रमान से नौ भाग से विभाजित कर प्रयुक्त करना चाहिए। यदि प्रासाद शैलोत्पन्न प्रस्तर से बना हो तो उसमें शैलोत्पन्न प्रस्तर का कलश लगाएं। काष्ठ का बना हो तो काष्ठ, धातु का हो तो धातु, ईष्टिका का हो तो ईष्टिका का कलश लगाना श्रेष्ठ होता है। चित्र का हो तो चित्र,

विधातु का हो तो स्वर्ण का कलश सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाला होता है, इसमें भी सभी प्रासादों में स्वर्णकलश, ध्वज की स्थापना सर्वश्रेष्ठ कही गई है-

उत्पत्तिः कथिता चैवं लक्षणं शृणु साम्प्रताम्।
विभक्तिभागसङ्ख्यानां प्रमाणं सूत्रमानतः ॥
शैलजे शैलजं कुर्याद् दारुजे दारुजं तथा।
धातुजे धातुजं चैव ऐष्टिके चैष्टिकं शुभम्॥
चित्रे चित्रं विधातव्यं हेमजं सर्वकामदम्।
श्रेष्ठं सर्वत्र श्रेष्ठानां सुवर्णकलशध्वजम्॥ *(उपर्युक्त 9, 7-9)*

कलश के उदय मान के सन्दर्भ में ज्ञातव्य है कि प्रासाद के अष्टमांश से कलशाण्डक की मोटाई रखें तथा यदि उसका सोलहवां भाग बढ़ाएं तो ज्येष्ठ मान तथा बत्तीसवां भाग बढ़ाएं तो मध्यम मान के कलश का उदय होता है। इस प्रकार जो उदय हो उसके नवें भाग में से एक भाग की ग्रीवा और पीठ, तीन भाग का अण्डक या कलश का उदर, दोनों कर्णिका एक-एक भाग तथा तीन भाग का बीजोरा अथवा बीजपूरक रखना चाहिए-

प्रासादस्याष्टमांशेन पृथुत्वं कलशाण्डके।
षोडशांशैर्युतं श्रेष्ठं मध्यं द्वात्रिंशदंशतः ॥
मूलरेखा पञ्चमांशे पृथुत्वं तस्य कारयेत्
घण्टा विस्तारपादेन तत्पादेन युता पुनः ॥
इत्थं कलशविस्तारमुच्छ्रयस्तस्य सार्द्धतः। *(उपर्युक्त 10-12)*

तथा-

उच्छ्रयो नवभागः स्यात् षडभागा विस्तृतिस्तथा।
अण्डकं चैकपादं स्यात् त्रिपदा पद्मपत्रिका॥
ग्रीवा पादोनभागा च सपादं द्वे च कर्णिके।
मातुलिङ्ग त्रिभिभागैः कर्त्तव्यं सर्वकामदम्॥
उच्छ्रयः कथितश्चैवं विस्तरं शृणु साम्प्रताम्।

पद्मपत्रं त्रिभिर्भागैस्तत्कन्दे च द्विभागकम्॥

अण्डकम् च घटाकारं कुर्यात् षडभागविस्तृतम्।

ग्रीवा मध्ये द्विभागाभ्यां चतुर्भिः कर्णिकान्तरम्॥

सार्धं द्व्यंशं बीजपूरमग्रे निम्नं सुलक्षणम्।

प्रमाणं तत्र चाख्यातं कलशे सर्वकामदम्॥ *(कलानिधि 9, 18-22)*

यही मत सूत्रधार मण्डन का भी है, जो अपराजितपृच्छा से ही साम्य रखता है। तुलनीय है-

पूर्वोक्तमानतो ज्येष्ठः षोडशांशाधिको भवेत्।

द्वात्रिंशदंशतो मध्यो नवांशोऽभ्युदयं भवेत्॥

ग्रीवापीठं भवेद्भागं त्रिभागेनाण्डकं तथा।

कर्णिके भागतुल्ये च त्रिभागं बीजपूरकम्॥ *(प्रासादमण्डनम् 4, 37-38)*

नागर, लतिन, सान्धार, मिश्रक, विमाननागर, विमान पुष्पक में कलश का उक्त मान प्रशस्त माना गया है जो कि धातुज व रत्नज होता है, रथारूह में दारुज होना चाहिए। शैलज कलश के प्रसंग में इष्टिका के लिए चतुर्थांश रखें तथा इस मान का कलश सर्व कामनाओं को पूर्ण करने वाला होता है-

नागरे लतिने शस्तं सान्धारे मिश्रके तथा॥

विमाननागरे छन्दे विमानपुष्पके तथा।

धातुजे रत्नजे चैव रथारोहे च दारुजे॥

शैलजे च चतुर्थांशमैष्टिकादौ समस्तके।

इत्युक्तं कलशं चैव सर्वकामफलप्रदम्॥ *(कलानिधि 9, 12-14)*

वराट, द्राविड़, भूमिज व विमान प्रासाद में और वलभी आदि समस्त देवालयों में षडांश मान से कलश बनाएं। यह कलश धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की इच्छा रखने वालों की कामनाओं को पूर्ण करता है। कलश को पूर्ण सज्जित कर स्थापित करना चाहिए। ऐसा नागर प्रासाद में कलश का विधान किया गया है-

वराटे द्राविडे चैव भूमिजे च विमानके।

प्रासादस्य तु षष्ठांशे समस्त वलभीषु च॥

तत्षडंशयुतं श्रेष्ठं कनिष्ठं तद्विहीनकम्।

इत्थं मानं समुद्दिष्टं कर्त्तव्यं सर्वकामदम्॥

धर्मार्थकाममोक्षांश्च ईप्सितान् लभते ध्रुवम्।

युक्तालङ्कारयुक् स्थाप्यं कलशं कामरूपकम्॥ *(उपर्युक्त 9, 15-17)*

इसके बाद पुनः गोविन्द ने ऊर्ध्व मान के सम्बन्ध में कहा है कि पूर्वानुसार ही कलश का उत्सेध करना चाहिए। इसके लिए पद्मपत्र बनाएं जो कि त्रिपद की पत्रपत्रिका हो, इसमें एक पद की कर्णिका बनाएं व पाद मान से पद्म करें। इसमें दो भाग का अण्डक बनाएं जो कि वृत्ताकार व सुलक्षण हो। इसकी ग्रीवा को पाद के एकभाग से बनाएं तथा अर्धभाग की अर्क पट्टिका बनाएं। यह विचारणीय है कि लतिन प्रासाद में अर्ध पद्मपत्रिका बनाएं तथा तीन भाग अधिक का बीजपूरक बनाएं जो कि पद्माकृति वाला हो-

अतः ऊर्ध्व पुनश्चाऽन्यं प्रवक्ष्येऽहमनुक्रमम्।

पूर्ववच्च समुत्सेधो विस्तरः पूर्वकल्पितः॥

पद्मपत्रनिभाकारा त्रिपदा पद्मपत्रिका।

कर्णिका पदमेकं तु सपादः पद्मसम्भवः॥

द्विभागं चाण्डकं कुर्याद् वृत्ताकारं सुलक्षणम्।

ग्रीवा पादोनभागा स्याद् भागार्धं चार्कपट्टिका॥

लतिने च प्रकर्त्तव्या अर्धं वै पद्मपत्रिका।

त्रिभागं बीजपूरं च अधिकस्य पद्माकृतिः॥ *(उपर्युक्त 9, 23-26)*

कलश के उच्छ्रेय के सम्बन्ध में पुनः कहा गया है कि पद्मपत्र को तीन भाग से तथा दो भागों से कर्णिका वृत्त बनाएं। पद्म के आगे चार भाग विस्तार की पत्रिका बनाएं। छह भाग का अण्डक तथा मध्य में ग्रीवा को दो भाग रखें। चार भाग की अर्क पट्टी पर साढ़े तीन भाग की पत्रिका रखें। ऐसी रचना पर ढाई भाग का बीजपूर हो तथा उसके नीचे आगे की ओर पद्माकृति हों। पद्म को तिलक से युक्त करें व रत्न, वृत्तादि से युक्त करें। अर्कपट्टिका के आगे उन्नत पद्मपत्र बनाना चाहिए-

उच्छ्रयः कथितश्चेत्थं विस्तरं शृणु साम्प्रताम्।

पद्मपत्रं त्रिभिर्भागैर्द्विभागा कर्णिका वृता॥

पद्माग्रे पत्रिका चैव चतुर्भागा च विस्तरे।

षड्भागमण्डकं चैव ग्रीवा मध्ये द्विभागिका॥

अर्कपट्टी चतुर्भागा सार्धत्र्यंशा च पत्रिका।

सार्धद्वयं बीजपूरं निम्नाग्रे पद्मकाकृति॥

पद्मनिबन्धतिलकं मुक्तरतं सुवृत्तकम्।

V.99360

अर्केऽर्कपट्टिकां कुर्यात् पद्मपत्राग्र उन्नता॥ *(उपर्युक्त 9, 27-30)*

इस प्रकार गोविन्द ने कलश के उदय व विस्तार मान सहित वहां स्थापनीय अन्य स्थापत्य रचनाओं का मानादि पूर्व सूरियों के अनुसार देने का प्रयास किया है।

*10. प्रासाद दण्ड ध्वज प्रमाण-*

कलानिधि के दसवें प्रकाश में प्रासाद के दण्ड व ध्वज के प्रमाण को प्रस्तुत किया गया है। यह विवरण अपराजितपृच्छा के आधार पर ही दिया गया है। इसमें कुल 34 श्लोक हैं। दण्ड, ध्वजा प्रमाण के विषय में पुराणों में भी पर्याप्त वर्णन उपलब्ध होता है। इस सम्बन्ध में सर्वप्रथम निर्देश उत्तर गुप्तकाल में संपादित विष्णुधर्मोत्तरपुराण में प्राप्त होता है जो अन्यान्य शास्त्रों के ततद् विषयक संकेत का उत्स प्रतीत होता है। कहा गया है कि देवालय निर्माण के बाद वहां पर ध्वज विन्यास किया जाना चाहिए-

ततो ध्वजस्य विन्यासः कर्तव्यः पृथिवीपते।

असुरा वासमिच्छन्ति ध्वजहीन सुरालये॥

ध्वजेन सकलं पापं जनस्य च विनश्यति।

तत्मात्सर्वप्रयत्नेन दद्याद्देवकुले ध्वजम्॥

एवं कृते देवगृहे वृद्धिस्सदा स्यान्न हि संशयोऽत्र।

तस्मात्प्रयत्नेन विधानयुक्तं देवालयं कार्यमदीन-सत्त्व॥ *(विष्णुधर्मोत्तर. 3, 94, 45-47)*

अग्निपुराण के 102वें अध्याय में कहा गया है कि शिखर पर दण्ड आधा अंदर प्रवेश कराना चाहिए- कभागार्धप्रवेशाद्वा यद्वा सर्वार्धवेशनात्। *(102, 2)* इससे लगता है कि प्रारंभ में शिखर पर ध्वजाधार का विधान नहीं था अपितु दण्ड को शिखर में ही निवेशित किया जाता था। इस पुराण के रचनाकाल तक देवालय यदि ईंटों का बना हो

तो उस पर काष्ठ का तथा प्रस्तर निर्मित हो तो उस पर प्रस्तर का दण्ड स्थापित होता था।

वैष्णवादि देवालयों पर कलश को चक्र से सुशोभित किया जाता था-

ऐष्टिके दारुजः शूलः शैलजे धाम्नि शैलजाः ॥

वैष्णवादौ च चक्राढ्यः कुम्भः स्यान्मूर्तिमानतः ।

स च त्रिशूलयुक्तस्तु अग्रचूलाभिधो मतः ॥ *(वही 102, 2-3)*

शिवालयों को अग्रचूर नामक त्रिशूल से युक्त किया जाता था। यह पुराण यह संकेत भी करता है कि उस समय तक जो शिवशास्त्र लिखे जा चुके थे, उनमें शिवालयों पर बीजपूरकयुक्त कलश भी चढ़ाए जाने लगे थे-

ईशशूलः समाख्यातो मूर्ध्नि लिङ्गसमन्वितः ।

बीजपूरकयुक्तो वा शिवशास्त्रेषु तद्विधः ॥ *(वही 102, 4)*

इस समय तक शिखरों पर ऐसी ध्वजाएं भी चढ़ाई जाने लगी थीं जो सम्पूर्ण प्रासाद की पीठ को आवेष्टित कर लेती थी, उन्हें 'महाध्वज' कहा जाता था। ध्वजदण्ड के मानानुसार तीन प्रकार थे-

| क्रम | दण्ड की लम्बाई | प्रकार |
|---|---|---|
| 1. | चौदह हाथ | उत्तम |
| 2. | नौ हाथ | मध्यम |
| 3. | छह हाथ | अधम |

